## न्यूज ब्रीफ

### युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**रनियां :** रनियां थाना क्षेत्र के आट भगवंत पुर गांव में बुधवार की शाम एक युवक ने एक आम के बगीचे में आम के पेड़ में गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने आवश्यक जांच पड़ताल व साक्ष्य संकलित कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। उन्नाव जिले के बदनपुर गांव का रहने वाला राकेश कुमार उम्र करीब 24वर्ष पुत्र रामप्रवेश सचेंडी कानपुर नगर स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में गाड़ी चलाता था। वह अविवाहित था। पिता रामप्रवेश की मानें तो बुधवार को राकेश घर से सचेडी फैक्ट्री जाने की बात कहकर गया था, लेकिन पुलिस ने भगवन्तपुर में उसके फासी पर लटकने की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष रनियां दिनेश कुमार गौतम व फोरेंसिक टीम ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भिजवाया।

### श्रमिक आरोग्य मेले में 26 की जांच

**कानपुर देहात।** बुधवार को आयोजित श्रमिक आरोग्य मेले में 26 श्रमिकों का नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। गांव दरगवां में लगे मेले का संचालन डा आईएच खान द्वारा किया गया। 26 श्रमिकों का नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्हें ओआरएस के पैकेट वितरित किए गए। जांचे गए श्रमिकों में तीन की नेत्र जांच एवं चार दंत जांच वाले थे। इसके अतिरिक्त मधुमेह, टी.बी., नेत्र एवं दंत जांच जैसी सुविधायें उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा श्रमिकों को पोषण, स्वच्छता, संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

### भटकती मिली महिला पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**कानपुर देहात।** थाना रनियां की पुलिस टीम को बीती रात भटकती महिला मिली। उससे जानकारी लेकर पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। परिजन उसे ले गए। महिला को पीआरवी 6940 द्वारा थाना रनियां लाया गया था। महिला से काफी पूंछताछ की गई। उसने अपना नाम पूनम पुत्री अर्जुन सिंह निवासी इटैलिया बाजार थाना जरिया जनपद हमीरपुर बताया। वह मानसिक रूप से कमजोर प्रतीत हो रही थी। महिला के परिजनों से संपर्क कर थाना रनियां बुलाकर उसे उसके पिता अर्जुन सिंह पुत्र देवीदीन निवासी ग्राम इटैलिया बाजार को सौंपा गया। परिजनों ने बताया कि पूनम 12 अप्रैल से घर से गायब थी।

### विवाहिता ने निगला जहर, भर्ती कराया

**रसूलाबाद।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के गांव गहलौतन निवादा रतनपुर निवासी एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। तब परिजन सीएचसी ले गए। वहां ईएमओ ने इलाज किया।

### महिला को कीड़े ने काटा

**रसूलाबाद।** नवलपुर सिसाही निवासी एक महिला को जहरीले कीड़े ने काट लिया ,हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए वहां इलाज किया गया। नवलपुर सिसाही निवासी आराधना 50वर्ष पत्नी प्रमोद कुमार को घरेलू काम करते समय जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए वहां ईएमओ डॉक्टर सौरभ शाक्य ने भर्ती कर इलाज किया।

### सड़क हादसों में चार लोग घायल

**रसूलाबाद।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानो में हुए सड़क हादसे में चार लोग घायल हुए सभी की हालत चिंताजनक देखते हुए डॉक्टर ने हैलट रेफर किया है। डमरपुर बेला औरैया निवासी करण सिंह 45वर्ष पुत्र राजाराम साथी माधव नगर बेला औरैया निवासी विपिन 40वर्ष पुत्र कैलाश के साथ बाइक द्वारा रसूलाबाद की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान उसरी गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस इलाज के लिए सीएचसी ले गई। वहां ईएमओ डॉक्टर सौरभ शाक्य ने दोनों की हालत चिंताजनक देखते हुए हैलट रेफर कर दिया जब कि विकास नगर निवासी बॉबी 19वर्ष पुत्र शिवपाल व मनावा निवासी शिवनाथ 45वर्ष पुत्र मौजीलाल भी अलग-अलग स्थान में बाइक अनियंत्रित होकर गिर जाने के कारण घायल हो गए।

# दुष्कर्म में तीन दोषियों को 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- राजपुर थाना क्षेत्र में लगभग 8 वर्ष पूर्व हुए मामले में पीड़िता को न्यायालय से मिला न्याय



**अमृत विचारः** करीब आठ साल पहले राजपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के साथ मारपीट व लूटपाट करते हुए उसके साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश एंटी डकैती कोर्ट ने पूर्व तिथि में दोषसिद्ध किए गए तीनों दोषियों को बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रत्येक पर बीस बीस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

एडीजीसी आशीष कुमार तिवारी ने बताया कि राजपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला अपनी चार वर्षीय पुत्री के साथ एक जुलाई 2018 को जौलान जिला स्थित अपने मायके से घर वापस आ रही थी। देर शाम क्षेत्र के खरका गांव में सवारी से उतरकर वह पैदल जा रही थी। उसी दौरान रास्ते में खरका गांव निवासी पप्पू व कमलेश उर्फ कल्ले ने अपने साथी उरई के उमरा खेड़ा निवासी मनोज उर्फ बबलू के साथ उसे अकेला देखकर पकड़ लिया। इसके बाद उसके साथ मारपीट करते हुए लूटपाट की। साथ ही तीनों ने बारी-बारी उसके साथ दुष्कर्म किया और मौके का फायदा उठाकर भाग गए। पीड़िता ने ससुराल पहुंचकर अपने परिजनों को पूरी घटना बताई।

मामले में पीड़िता के ससुर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। विवेचना के बाद उनके खिलाफ आरोपपत्र अदालत में भेज दिया गया। मौजूदा समय में मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट कोर्ट में चल रही थी। बीते गुरुवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था। वहीं बुधवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी। इसके बाद तीनों दोषियों को बीस बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही प्रत्येक पर बीस बीस हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

# नाबालिग की हत्या में दोषी को उम्रकैद

**कानपुर देहातः** डेरापुर क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका की हत्या में दोषी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अन्य धाराओं में दोषमुक्ति हुई है। वादी के अधिवक्ता ने कहा कि उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

- डेरापुर थाना क्षेत्र में करीब पांच वर्ष पहले हुई थी घटना

वादी पक्ष की पैरवी कर रहे अधिवक्ता जितेंद प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि न्यायालय ने धारा 307, 506, 354-घ भारतीय दंड संहिता, धारा 7 आपराधिक विधि संशोधन अधिनियम तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 11/12 में अभियुक्त को दोषमुक्त किया है। घटना 11 जनवरी 2021 की है। बालिका अपनी चचेरी बहन के साथ खेत गई थी। इसी बीच आरोपी पूर्व नियोजित रूप से घात लगाकर बैठा था। उसने अत्यंत क्रूरतापूर्वक धारदार चाकू से बालिका का गला रेत दिया। बचाव में बालिका की उंगलियां तक कट गईं और उपचार हेतु ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गई। घटना की वीभत्सता ने पूरे क्षेत्र में भय, शोक और आक्रोश उत्पन्न कर दिया। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों, चिकित्सीय साक्ष्य, वैज्ञानिक साक्ष्य एवं परिस्थितिजन्य तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने यह माना कि अभियुक्त द्वारा धारदार हथियार से हत्या कारित करना संदेह से परे सिद्ध है। इसी आधार पर हत्या के अपराध में दोषसिद्धि की गई। जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि न्यायालय द्वारा धारा 302 में दोषसिद्धि और आजीवन कारावास का दंड इस जघन्य अपराध में न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय है। हालांकि प्रत्यक्षदर्शी साक्ष्य, नाबालिगता के पुख्ता प्रमाण तथा घटनाक्रम को देखते हुए धारा 307, 506, 354-घ, पॉक्सो तथा आपराधिक विधि संशोधन अधिनियम में दोषमुक्ति विधिक परीक्षण की अपेक्षा रखती है। निर्णय का विस्तृत अध्ययन कर वादी पक्ष इन धाराओं में दोषमुक्ति के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय में अपील दाखिल करेगा।

# कार-ऑटो की भिड़ंत में मामा भांजी की मौत, 8 लोग घायल

## शिवली में रसूलाबाद व रूरा जोड़ पर हुआ हादसा, टक्कर लगने के बाद खड्ड में गिरा ऑटो

संवाददाता, शिवली



गोलू।



सृष्टि।

- मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को भेजा अस्पताल

**अमृत विचारः** शिवली रसूलाबाद मार्ग पर बुधवार सुबह ऑटो व ईको कार के बीच टक्कर में एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घायल युवक ने हैलट अस्पताल जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। दोनों आपस में मामा-भांजी थे। साथ ही आठ अन्य लोग घायल हो गए।

चीख पुकार सुनकर दौड़े राहगीरों ने ऑटो में फंसे लोगों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे कोतवाल ने घायलों को शिवली अस्पताल पहुंचाया। गंभीर घायलों को अस्पताल से कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मामूली घायलों में चार लोगों को प्राथमिक उपचार करने के बाद घर भेज दिया गया है। मामा भांजे की मौत की खबर लगते ही परिजनों के बीच मातम छा गया।

रास्ते से गुजर रहे लोगों ने सड़क के नीचे पड़े ऑटो में फंसे लोगों को काफी प्रयास के बाद बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली शिवली पुलिस मौके पर पहुंच गई और सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर ऑटो सवार सृष्टि पुत्री गोलू उर्फ विवेक (3) निवासी हिरमी थाना बिधूना को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि ऑटो सवार गंभीर रूप से घायल शिक्षिका रीता कटियार निवासी कल्याणपुर जो कि संविलियन विद्यालय नेवादा बारा जा रही थीं, सोनी पत्नी संजय, संजय पुत्र अज्ञात निवासी गणेशपुर थाना शिवली, गोलू सविता पुत्र सुनील सविता निवासी बिरहुन थाना रसूलाबाद व ईको कार सवार रामबाबू निवासी एहरवाकटरा का प्राथमिक उपचार करने के बाद कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया है।

मामूली रूप से घायल मोहिनी पुत्री संजय उमा पत्नी रामबाबू सीमा पुत्री रामबाबू ऑटो चालक शाहरुख का प्राथमिक उपचार करने के बाद घर भेज दिया गया है। हैलट अस्पताल जाते समय रास्ते में गंभीर रूप से घायल गोलू सविता पुत्र सुनील सविता (25) निवासी बिरहुन ने भी दम तोड़ दिया। अहरवा कटरा निवासी सीमा ने बताया कि वह अपने पिता रामबाबू एवं मां उमा को लेकर ईको गाड़ी से मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल कानपुर जा रही थी वहीं ऑटो चालक शाहरुख ने बताया कि वह अपने दोस्त मृतक गोलू सविता की ससुराल कानपुर घूमने गया था साथ में गोलू की भाजी सृष्टि भी थी। वापस घर जाते समय उसने रास्ते में अन्य सवारियां भी बिठा ली थी। मामा भांजी की मौत से परिजनों के बीच कोहराम मच गया। अस्पताल पहुंचे गोलू सविता के पिता सुनील सविता मां सुनीता भाई रवि लवकुश सनी सोनू रोहित मोहित राहुल कौशल प्रांशु बहनें प्रियंका राखी सीलम रूबी एवं दादा रामसरन व मृतिका सृष्टि की मां सीलम का रो रो कर बुरा हाल था। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि घायलों को कानपुर अस्पताल भेजा गया। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि गोलू के शव का पंचनामा कानपुर अस्पताल से भरा जाएगा।

## दहेज उत्पीड़न की महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर दें सूचना

**कानपुर देहात।** जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तथा उपजिलाधिकारी को दहेज प्रतिषेध अधिकारी नामित किया गया है।

दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के अनुसार दहेज लेने, देने या इसके लेनदेन में सहयोग करने पर 5 वर्ष की कैद और 15,000 रूपये के जुर्माने का प्रावधान है। दहेज के लिए उत्पीड़न करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए जो कि पति और उसके रिश्तेदारों द्वारा सम्पत्ति अथवा कीमती वस्तुओं के लिए अवैधानिक मांग के मामले से संबंधित है, के अन्तर्गत 3 साल की कैद और जुर्माना हो सकता है। दहेज लेनदेन से संबंधित यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो महिला हेल्पलाइन नंबर 181 अथवा नामित नोडल मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तथा उपजिलाधिकारी को सूचित करें।

# सट्टेबाजी के लेनदेन में हुई थी असद की हत्या, दो गिरफ्तार

अमृत विचार Follow UP

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** यहां विसधन रोड के किनारे बीते दिवस मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। मृतक असद उर्फ मोदी को सट्टेबाजी के लेनदेन में गलादबा कर मौत के घाट उतारा गया था। उसके दो दोस्तों ने ही कत्ल करना स्वीकार किया है।

पुलिस ने बताया कि कबीर नगर निवासी शहनवाज उर्फ जेके पुत्र सुलेमान की पड़ोस में ही रहने वाले गल्ला कारोबारी रियायत हुसैन उर्फ मुन्नाखान के पुत्र असद हुसैन से मित्रता थी। दोनों आईपीएल के क्रिकेट मैचों को लेकर सट्टेबाजी में दांव लगाते थे। 25 अप्रैल को सट्टेबाजी के पैसे के लेनदेन को लेकर दोनों में ही कस्बे के एक क्लीनिक के सामने मारपीट हुई, जिसके सीसीटीवी फुटेज भी क्लीनिक के कैमरे में कैद हैं। उस मारपीट के बाद हत्यारा कबीर नगर निवासी कार मैकेनिक शहनवाज उर्फ जेके अपने साथी बाइक मैकेनिक सरताज पुत्र मुस्ताक के साथ असद को लेकर हड्डी मिल के निकट बंबी के पास पहुंचा। वहां दोनों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी शव को वहीं छुपा दिया।

इसके बाद सरताज ने अपने एक जान पहचान वाले से भूसा भरने की प्लास्टिक झाल किसी काम के लिए जरुरत होने की बात कह कर ली और उसे लेकर अंधेरा हो जाने पर मौके पर गए। जहां बीयर के कैन से उसका गला काटा और उस झाल में शव बंद कर हड्डी मिल के हौज में डाल दिया और उसके ऊपर 25 से 30 ईंटें रख दी। 28 अप्रैल को उक्त मिल के निकट उठी दुर्गंध से मवेशी चराने वाले ग्रामीण मिल तक देखने गए और मौके पर चप्पल आदि पड़े होने पर इसकी सूचना पुलिस को दी। इधर मिल के पास चप्पल पड़ी होने की सूचना पर मृतक के परिजन मिल पहुंच गए और वहां उसे अपने पुत्र की चप्पल पड़ी मिली इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

# ऑपरेशन दहनः सवा करोड़ का गांजा-चरस व स्मैक कराया नष्ट

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



मादक पदार्थ नष्ट कराने कुंभी गांव के भारत ऑयल एंड वेस्ट मैनेजमेंट पहुंची टीम।

**अमृत विचारः** ऑपरेशन दहन में बुधवार को पुलिस ने सवा करोड़ से अधिक के नशीले पदार्थ नष्ट कराए। नष्ट कराए गए नशीले पदार्थों को जिले की अलग-अलग थाना पुलिस ने जब्त किया था। अफसरों की उपस्थिति में दो क्विंटल से अधिक मादक पदार्थ वेस्ट प्लांट में नष्ट कराए गए हैं।

जनपद के अकबरपुर, रनियां डेरापुर, भोगनीपुर, गजनेर, सट्टी, मूसानगर, शिवली, सिकन्दरा में दर्ज 30 अभियोगों से संबन्धित मादक पदार्थों को माल खाने में जमा किया गया था। मामलों के निस्तारण के उपरांत उनके विनष्टीकरण के लिए कमेटी बनाई गई थी। बुधवार को जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी की उपस्थिति में अवैध मादक पदार्थों का विधिक रूप से विनष्टीकरण कराया गया। इस कार्रवाई के अंतर्गत 217.408 किलोग्राम मादक पदार्थों का निस्तारण किया गया। इसमें 208.640 किलोग्राम गांजा (अनुमानित कीमत 1,04,32,000), 6.844 किलोग्राम चरस (17,11,000), 200 ग्राम अफीम (1,00,000), 60 ग्राम स्मैक (12,00,000) तथा अन्य मादक पदार्थ 1.664 किलोग्राम (5,000) शामिल हैं। विनष्टीकृत मादक पदार्थों (कुल अनुमानित कीमत 1,34,48,000 है। पदार्थों को भारत ऑयल एंड वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड कुंभी तहसील अकबरपुर में नियमानुसार वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी कराते हुए नष्ट किया गया। विनष्टीकरण के लिए गठित कमेटी में अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय अपर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रसाद, क्षेत्राधिकारी अकबरपुर संजय कुमार सिंह सदस्य, ऑपरेशन दहन प्रभारी अमित शुक्ला हैं। दोपहर को समस्त थाना प्रभारी, मालखाना मोहर्रिर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रक्रिया हुई।

## गो सेवा के लिए आगे आएं पशु पालक मिलेगा सम्मान

**कानपुर देहात।** मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. सुबोध कुमार ने जिले में संचालित 76 गौशालाओं के सुचारु संचालन और गोवंश संरक्षण को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों से सहयोग की अपील की है।

समाजसेवियों, ग्राम प्रधानों, ब्लॉक प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों, व्यापारियों, उद्यमियों तथा सक्षम नागरिकों से इस दिशा में आगे आने का आह्वान किया है। कहा कि जिस प्रकार लोग वृद्धाश्रमों और अन्य सामाजिक संस्थाओं में दान देकर जन्मदिन, वर्षगांठ जैसे अवसरों को विशेष बनाते हैं, उसी प्रकार गौशालाओं को गोद लेकर भी सेवा कार्य किया जा सकता है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जो भी व्यक्ति, संस्था या समाजसेवी गौशालाओं में सहयोग करेंगे, उन्हें विभाग की ओर से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जिलाधिकारी कानपुर देहात द्वारा भी ऐसे दानदाताओं और उनके परिवार को सम्मान प्रदान किया जाएगा।

# एक-दूजे से रूबरू हुए अधिवक्ता और एसडीएम, किया गया स्वागत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात




बैठक के बाद एसडीएम के साथ अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सदर तहसील में तैनात होकर आए एसडीएम राज कुमार पांडेय बुधवार को अधिवक्ताओं से रूबरू हुए। सभी से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद सभी को अपनी कार्यशैली के बारे में बताया और अधिवक्ताओं से भी उनकी बात पूछी। अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष विपिन चंद्र दीक्षित ने भरोसा देते हुए कहा कि एक-दूजे के सम्मान और गरिमा के साथ काम करने की परंपरा आगे भी बरकरार रखेंगे।

तहसील अकबरपुर स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में हुई परिचयात्मक बैठक में अधिवक्ताओं द्वारा नवागत उपजिलाधिकारी का स्वागत किया गया। बार एवं प्रशासन के मध्य समन्वय, संवाद और सहयोग को सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया। बैठक में न्यायालयों के सुचारु संचालन, लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण, अधिवक्ताओं एवं वादकारियों की समस्याओं तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष विपिन चंद्र दीक्षित ने कहा कि बार एवं प्रशासन के मध्य सौहार्दपूर्ण समन्वय न्यायिक एवं राजस्व कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने की कोशिश की जाएगी।

उपजिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं के सुझावों को गंभीरता से सुना तथा सहयोगात्मक कार्यशैली का आश्वासन दिया। इस दौरान तहसीलदार पवन कुमार और अधिवक्ता समिति की उपाध्यक्ष रुचि यादव, महामंत्री बृजेश पाल, पूर्व अध्यक्ष दिलीप यादव व सुरेंद्र पाल शर्मा सहित हर्षवर्धन श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह सेंगर, अजय द्विवेदी, सुधीर भदौरिया, मनोज द्विवेदी, मोहम्मद जुनेद, चंद्रशेखर संखवार, राहुल दीक्षित, विमलेश कुमार (पूती लाल), गोविंद सेंगर, अश्विनी बाजपेयीआदि रहे।

# हैंड पंप के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप

**रसूलाबादः** विकासखंड की कुछ ग्राम पंचायतों में हैंड पंप मरम्मत के नाम सरकारी धन के दुरुपयोग किए जाने के मामले प्रकाश में आए हैं।

ग्राम पंचायत शाहबाजपुर में एक हैंडपंप का अधिकांश हिस्सा जमीन में धंसा हुआ है, लेकिन कागजों में उसकी मरम्मत दिखाकर हजारों रुपये निकाले गए हैं। ग्रामीण गजेंद्र, छुन्नी खां, विकास तिवारी, अनुराज और बृजेंद्र सिंह ने बताया कि यह हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़ा है। इसके बावजूद, इसे कागजों में चालू हालत में दिखाकर हजारों रुपये की धनराशि निकाल ली गई है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सौरभ ने बताया कि इस संबंध में ग्राम सचिव को अवगत करा दिया गया है। ग्राम सचिव अखिलेश से इस मामले पर बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की। इसी प्रकार रसूलाबाद विकासखंड की ग्राम पंचायत जगम्मनपुर धीर में भी ग्रामीणों ने हैंडपंप मरम्मत के नाम पर बड़े घोटाले का आरोप लगा है। सरकारी अभिलेखों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए गए हैं। हालांकि, जमीनी हकीकत यह है कि कई हैंडपंप अभी भी खराब पड़े हैं। ग्रामीणों के अनुसार चार हैंडपंपों पर भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। एक हैंडपंप (आईडी 50236952) पर लगभग 93 हजार रुपये, जबकि अन्य पर 38 हजार, 22 हजार और 26 हजार रुपये का भुगतान दर्शाया गया है। इस प्रकार, चार हैंडपंपों पर कुल 1.79 लाख रुपए का खर्च दिखाया गया, जबकि नियमानुसार यह राशि 80 हजार रुपए होनी चाहिए थी। ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि हैंडपंपों की मरम्मत कराई गई थी, लेकिन वे दोबारा खराब हो गए हैं।

## गैस सिलेंडर से लगी आग, गृहस्थी का सामान जला

**रसूलाबादः** क्षेत्र के रसूलपुर रसूलाबाद के मजरा बक्खापुरवा के एक घर में सुबह चाय बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान गृहस्थी का काफी सामान जल गया। बक्खा पुरवा निवासी कुंवर सिंह पुत्र हीरालाल के यहां सुबह चाय बनाते समय अचानक सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। जब तक परिजन कुछ समझते आग ने विकराल रूप ले लिया। इसकी जानकारी होने पर गांव से लोग दौड़े और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। जिसमें सोफा, अलमारी, बेड,कपड़े, रजाई, सिलाई मशीन, दवा छिड़कने की मशीन, सहित काफी मात्रा में जरूरत का सामान जल गया।

मृदा स्वास्थ्य

धरती माता बचाओ अभियान में किसानों को किया जागरूक

# खाद बेचते समय भूमि का विवरण अवश्य देखें

संवाददाता, रसूलाबाद



उप संभागीय कृषि प्रसार कार्यालय में आयोजित धरती माता बचाओ अभियान में पहुंचे लोग।

**अमृत विचारः** भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा रसायन उर्वरक मंत्रालय, उर्वरक विभाग के द्वारा उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग को नियंत्रित करने तथा औद्योगिक इकाइयों में अवैध परिसंचालन, कालाबाजारी, ओवर रेटिंग एवं तस्करी को रोकने के साथ ही मृदा स्वास्थ्य में अनुकूल परिवर्तन लाने के उद्देश्य से धरती माता बचाओ अभियान की शुरूआत की गई है।

कार्यक्रम में आईं उप जिलाधिकारी शिखा संखवार ने सहायक विकास अधिकारी (कृषि) को निर्देशित किया कि तहसील में प्रत्येक ग्राम पंचायत की ग्राम सभा बैठकों के आयोजन की समीक्षा करेंगे। ग्राम स्तर की बैठकें लगातार आहूत करेंगे तथा किसी भी नकली उर्वरक एवं उर्वरकों के गैर-कानूनी डायवर्जन की सूचना जिला कृषि अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। साथ ही समस्त थोक एवं फुटकर उर्वरक प्रतिष्ठानों का संचालन उपरोक्त नियमों के अनुसार किया जाये, जिसका निरीक्षण माह में एक बार करें तथा इसकी रिपोर्ट जिला कृषि अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। जिला कृषि अधिकारी उमेश गुप्ता ने इस अवसर पर निगरानी समिति की बैठक में समस्त थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि क्षेत्र में उर्वरक निर्धारित मूल्य पर बेचा जायेगा। उर्वरक के साथ ही कम प्रचलित उर्वरक की टेगिंग नहीं की जाएगी। रेट बोर्ड व स्टॉक बोर्ड, स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर व फर्म बोर्ड प्रत्येक प्रतिष्ठान पर उपलब्ध होना चाहिए एवं विवरण भरा होना चाहिए जो व्होलसेल काम करते हैं उसका फार्म-ओ लाइसेन्स पर चड़ा हो। कृषकों को फसल सीजन में यूरिया प्रति हेक्टेयर भूमि पर अधिकतम सात बैग तथा डीएपी पांच बैग से अधिक नहीं दिया जायेगा। उर्वरक बिक्री करते समय कृषक की जमीन का विवरण अनिवार्य रूप से देखा जायेगा तथा खतौनी के आधार पर ही मानक अनुसार उर्वरक वितरण किया जायेगा। उर्वरक पीओएस मशीन में दर्ज उर्वरक, गोदाम का स्टाक, स्टाक रजिस्टर और मौके पर रखे उर्वरक में कोई अन्तर नहीं होना चाहिए। किसी भी उर्वरक का वितरण दिये गये निर्देशों के अनुसार ही किया जाए।

www.amritvichar.com

## सुविचार



इच्छा सफलता का शुरूआती बिन्दु है, यह हमेशा याद रखें, जिस तरह छोटी आग से कम गर्माहट मिलती है उसी तरह कमजोर इच्छा से कमजोर परिणाम मिलते हैं। -नेपोलियन हिल


# अमृत विचार

कानपुर महानगर

कानपुर, गुरुवार, 30 अप्रैल 2026


### कानपुर के प्रमुख समाचार


- केस्को मुख्यालय पर महिलाओं का हंगामा -VI
- शहर से 27 किमी दूर गंगा एक्सप्रेस-वे -VII
- रोबोट व एआई से गंभीर बीमारियों का निदान -VIII



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999


## टोटी न पानी, रेलवे की मेहरबानी




सेंट्रल स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का काम चल रहा है लेकिन यात्री सुविधाओं का दावा खोखला साबित हो रहा है। शीतल पेयजल तो दूर सामान्य नलों की टूटी भी टूटी हुई है और पानी नदारद है। बुधवार को दैनिक अमृत विचार की टीम ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्लेटफार्म 2 और 3 पर नलों से गर्म आ रहा था जबकि कई नल सूखे थे और टोटी भी नहीं थी। शीतल जल की मशीन सामान्य पानी दे रही थी। प्लेटफार्म नंबर 4 व 5 पर लगाई गई स्वचालित सीढ़ियां मेंटीनेंस के नाम पर बंद पड़ी थी। फुटओवर ब्रिज पर लगाया इलेक्ट्रानिक्स बोर्ड ट्रेनों की जानकारी नहीं दे रहा था।

## गाड़ी बुला रही है, झूला झूला रही है



गोरखपुर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर आई। इस ट्रेन के साधारण एवं स्लीपर कोच में जबरदस्त भीड़ थी। भीषण गर्मी से खड़े होना तक मुहाल था। फर्श पर खड़े होने की जगह नहीं थी, पसीने से भीगे लोग प्रसाधन के अंदर तक बैठे थे। बच्चे, बड़े, बुजुर्ग, महिलाएं सब गर्मी में पस्त थे। गोरखपुर जा रहे एक शख्स ने प्रसाधन की गैलरी में एक मोटी चादर के दोनों कोने को दो छोर पर बांध दिया और उसी में बच्चे और पत्नी को बिठा दिया। दोनों मां बेटे चादर में झूल झूलते हुए गोरखपुर के लिए रवाना हुए। **मनोज तिवारी**

## हैदराबाद गोरखपुर ट्रेन के फेरे बढ़े

**कानपुर।** यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने हैदराबाद से गोरखपुर के मध्य चलाई गई स्पेशल ट्रेन के संचालन का फेरा बढ़ाने की घोषणा की है।



उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 07075 हैदराबाद से 1 मई शुक्रवार को भी संचालित होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07076 गोरखपुर से रविवार 3 मई को भी चलेगी। इस गाड़ी में फर्स्ट एसी 4, थर्ड एसी 8, स्लीपर 6 और जनरल कोच 2 और पार्सल यान 2 डिब्बे होंगे।

## सिटी ब्रीफ

### चार अपराधियों को किया जिलाबदर

**कानपुर।** शहर में अपराध पर लगाम लगाने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने चार अपराधियों को जिलाबदर किया है। इस अवधि में आरोपी जिले की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। अगर वह निर्धारित समय के अंदर जिले में प्रवेश करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। पुलिस ने बताया कि बिठूर पुलिस ने संजय उर्फ संजू, कर्नलगंज पुलिस ने रियाजत उर्फ लूला, कल्याणपुर पुलिस ने अभिषेक उर्फ शिवा सिंह, सचेंडी पुलिस ने आदर्श यादव उर्फ तन्नू को छह माह के लिए जिलाबदर किया है।

### फिनायल पीकर वृद्ध ने की आत्महत्या

**कानपुर।** चकेरी में मानसिक तनाव के चलते वृद्ध ने फिनायल पीकर आत्महत्या कर ली। श्यामनगर रामपुरम निवासी 74 वर्षीय पतीराम सेवानिवृत्त थे। परिवार में पत्नी पंचमी देवी, बेटा श्याम कुमार और दो बेटियां हैं। परिजनों ने बताया कि बीते कई माह से वह मानसिक तनाव में चल रहे थे। दो दिन पहले उन्होंने घर में फिनायल पी लिया था। हालत बिगड़ने पर उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### पुलिस ने 5 वारंटियों को भेजा जेल

**कानपुर।** कमिश्नरेट पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रायपुरवा व बेकनगंज पुलिस ने पांच वारंटियों को जेल भेजा है। रायपुरवा पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी रिन्नू उर्फ रिहान निवासी राखी मंडी अनवरगंज समेत वारंटी अजय कुमार निवासी लक्ष्मीपुरवा और वारंटी अमरजीत को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं बेकनगंज पुलिस ने गोरा कब्रिस्तान निवासी वारंटी जुबैर उर्फ जला व मो. जावेद को जेल भेजा है।

# आईएमए, मायांजलि सहित चार ब्लड बैंकों के लाइसेंस सस्पेंड

## खराब रखरखाव, मानक विहीन और अनियमितता बरतने में शासन से हुई कार्रवाई

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) ने चार ब्लड बैंक के लाइसेंस सस्पेंड कर दिए हैं। इनमें परेड स्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), सिविल लाइंस के मायाजंलि ब्लड बैंक सहित चार के नाम हैं। मौसम व संक्रामक बीमारियों के प्रकोप में स्टोरेज में अनियमितता व लापरवाही करने में ये कार्रवाई की गई है। सभी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सोसाइटी से संचालित हो रहे थे।

वाडा चैरिटेबल ब्लड सेंटर, पुष्पांजलि चैरिटेबल ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर पर भी रोक लगा दी गई है। इनमें वाडा मसवानपुर में है और पुष्पांजलि ब्लड बैंक नौबस्ता में है। अप्रैल में जिले के कुल 35 ब्लड बैंकों की जांच की गई। जांच के दौरान दस्तावेजों, स्टोरेज व्यवस्था, स्वच्छता व मशीनों के संचालन और मानकों को देखा गया था। ब्लड बैंकों की जांच में पाइलट ट्यूब व एलाइजा मशीन में कमी पाई गई थी। बुधवार को मायांजलि ब्लड बैंक में लोग ब्लड लेने के लिए पहुंचे लेकिन कार्यालय में मौजूद कर्मचारी ने बताया कि किसी तरह का ब्लड अभी नहीं है। कर्मचारी ने आईएमए ब्लड बैंक जाने के लिए बोला। वहां भी ब्लड मांगने पर बोला गया कि अभी स्टॉक में नहीं है।

ड्रग इंस्पेक्टर ओमपाल सिंह ने बताया कि शासन की ओर से जांच की गई थी। जहां कमी पाई गयी वहां के ब्लड बैंक पर रोक लगा दी गई है। 15 दिनों का समय दिया गया है। जिसमें कमियों को सुधारने को बोला गया है।




ब्लड बैंक पर की गई कार्रवाई। अमृत विचार

### शहर में ब्लड बैंक

**37** बैंक हैं | **08** सरकारी | **27** निजी

### लाइसेंस निरस्त होने के बाद भी चल रहा था आईएमए ब्लड बैंक

- लाइसेंस निरस्त होने के बाद भी आईएमए ब्लड बैंक का संचालन किया जा रहा था। इस गंभीर अराजकता पर चौंकना लाजिमी है। औषधि विभाग के औषधि निरीक्षक ओमपाल के मुताबिक अप्रैल में विशेष जांच अभियान में आईएमए ब्लड बैंक परेड, मायांजलि ब्लड बैंक सिविल लाइंस, वाडा ब्लड बैंक मसवानपुर और पुष्पांजलि ब्लड बैंक में अनियमितताएं सामने आने पर इन चारों ब्लड बैंकों का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया था। लाइसेंस निरस्त होने के बाद भी बुधवार को आईएमए का ब्लड बैंक संचालित होता मिला। जब इसकी जानकारी औषधि विभाग के इंस्पेक्टर को हुई तो उन्होंने तत्काल कार्रवाई की और मौके पर ब्लड बैंक को बंद कराया।

# 10 खाद वालों के लाइसेंस निलंबित

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 10 खाद विक्रेताओं के लाइसेंस सस्पेंड कर दिए गए हैं। विक्रेताओं ने 11 से 16 अप्रैल के बीच महज 6 दिन में कुछ किसानों को 125.55 टन यूरिया बेच दी। जिसका रिकॉर्ड इन दुकानदारों के पास नहीं है। इन्हें कृषि विभाग ने तीन दिनों का समय दिया था जिसके भीतर इन्हें जानकारी साझा करनी थी। दुकानदारों को इसके लिए 17 अप्रैल को नोटिस जारी किया गया था। 21 अप्रैल तक जवाब विभाग को लिखित रूप में देना था। 20 दुकानदारों में से 10 ने अपनी बिक्री का ब्योरा विभाग को तय समय पर दिया लेकिन 10 ने लापरवाही की। जिला कृषि अधिकारी प्राची पांडेय ने बताया कि जवाब समय से नहीं आने पर लाइसेंस सस्पेंड किए गये हैं। हालांकि दसों को 10 दिन का समय देकर आखिरी मौका दिया गया है।

**विभाग के नोटिस में क्या था:** जिले में 20 खाद विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया था। विभाग ने उन किसानों का ब्योरा मांगा था जिन्हें खाद बेची गई। सभी किसानों के पते, आधार व फोन नंबर मांगे गए थे। जिससे बिक्री का सत्यापन कराया जा सके। विभाग का मानना है कि अभी फसलों की बुआई का सीजन नहीं है। इसलिए खाद की अधिक बिक्री की गई है। 11 से 16 अप्रैल के बीच महज 6 दिनों में ही 245.56 टन उर्वरक किसानों को बेचने का रिकॉर्ड मिले।

### इन्हें विभाग ने जारी किया था नोटिस

| दुकानदार | मात्रा |
|---|---|
| एम–पैक्स, स्योढ़ारी | 5.4 टन |
| निकिल फर्टिलाइजर | 5.715 टन |
| एम–पैक्स खोजाउपुर | 5.76 टन |
| एम–पैक्स डोडवा जमौली | 7.965 टन |
| एम–पैक्स मखौली | 10.8 टन |
| आईएफएफसी किसान सेवा केंद्र गंगूपुर | 11.835 टन |
| एम–पैक्स दलेलपुर | 11.97 टन |
| पारस कृषि सेवा केंद्र | 12.06 टन |
| न्यू कुर्मी किसान सेवा केंद्र | 12.15 टन |
| एग्री जंक्शन, चौबेपुर | 12.915 टन |
| एम–पैक्स बौसर | 13.095 टन |
| एम–पैक्स भैंसू | 15.21 टन |
| एम–पैक्स, कमसान | 15.75 टन |
| एम–पैक्स महुआगांव | 19.62 टन |
| आईएफएफसी किसान सेवा केंद्र, गजना | 19.845 टन |
| किसान खाद भंडार | 29.43 टन |
| मे.बकोठी किसान प्रोड्यूसर कंपनी | 31.095 टन |

### इनके लाइसेंस सस्पेंड किये गये

दुकानदार मात्रा

- एम–पैक्स महुआगांव 19.62 टन
- एम–पैक्स दलेलपुर 11.97 टन
- एम–पैक्स, स्योढ़ारी 5.4 टन
- एम–पैक्स डोडवा जमौली 7.965 टन
- एम–पैक्स सैबस, बिल्हौर

21.600 टन

- एम–पैक्स मखौली 0.80 टन
- एम–पैक्स बौसर 13.095 टन
- एम–पैक्स, कमसान 15.75 टन
- एम–पैक्स, बरौली बिल्हौर 7.200 टन
- न्यू कुर्मी किसान सेवा केंद्र, बिल्हौर 12.15 टन




ईपीएफओ में नई सेवा शुरू की गई। अमृत विचार

# पेंशनभोगियों को डोरस्टेप पर मिलेगी डिजिटल सेवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पेंशनभोगियों को राहत देने के उद्देश्य से इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) के साथ मिलकर महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इसके तहत कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के लाभार्थियों को निःशुल्क डोरस्टेप डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। हर वर्ष पेंशन जारी रखने के लिए जीवन प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है, अब तक पेंशनभोगियों को बैंक या ईपीएफओ कार्यालय जाना पड़ता था। यह प्रक्रिया विशेष रूप से बुजुर्गों, दिव्यांगों और आश्रितों के लिए कठिन साबित होती थी। नई व्यवस्था के तहत अब प्रशिक्षित डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक पेंशनभोगियों के घर जाकर आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन या बायोमेट्रिक सत्यापन के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट तैयार करेंगे। सेवा पूरी तरह निःशुल्क होगी। पेंशनभोगी आईपीपीबी के टोल-फ्री नंबर 033-22029000 पर संपर्क कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। अनुरोध मिलने पर संबंधित डाक कर्मी घर पहुंचकर प्रक्रिया पूरी करेंगे और प्रमाण पत्र स्वतः ईपीएफओ के रिकॉर्ड में अपडेट हो जाएगा। देशभर में इंडिया पोस्ट के 1.65 लाख से अधिक डाकघरों और करीब 3 लाख डाक सेवा प्रदाताओं के नेटवर्क के जरिए इस योजना को लागू किया जाएगा। इससे ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले पेंशनभोगियों को विशेष लाभ मिलेगा।

# आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिवार में आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोलाघाट क्षेत्र में युवक मोनू की हत्या के बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। घटना के दो दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिवार ने नाराजगी जताई है।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मृतक मोनू के पिता, माता, पत्नी और बहन ने रोते हुए प्रशासन से दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की। परिजनों का कहना है कि नामजद मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अभी तक आरोपियों को पकड़ा नहीं गया, जिससे उनका भरोसा डगमगाने लगा है। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता ने छावनी थानाध्यक्ष से बातचीत कर मामले की प्रगति जानी। पुलिस की ओर से बताया गया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दबिश दी जा रही है।

# पीएनजी पाइप लाइन में लीकेज से लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर में पीएनजी पाइप लाइन में लीकेज होने के बाद एक घर के बाहर आग लग गई। लपटें देख क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। आग फैलते हुए पड़ोस के बिजली मीटर तक पहुंच गई जिससे बिजली की आपूर्ति भी बाधित हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

बुधवार की सुबह कल्याणपुर में पीएनजी आपूर्ति लाइन में आग लग गई। क्षेत्रीय लोगों ने केस्को में फोन करके बिजली का सप्लाई बंद कराई। इलाकाई लोगों ने पानी और मिट्टी डालकर आग बुझाने की कोशिश की और 112 नंबर डायल करके पुलिस को बुलाया गया। इस दौरान आग ने पड़ोसी के घर को भी चपेट में ले लिया जिससे परिजनों को बाहर निकाला गया। पड़ोसी का बिजली का सारा सिस्टम जल गया। काफी देर तक गैस रिसाव होने के कारण लोग परेशान रहे। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि आग लगने के डेढ़ घंटे बाद दमकल की गाड़ियां पहुंचीं। पीएनजी का टोल फ्री नंबर उठा ही नहीं। एक घंटे बाद पीएनजी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लीकेज को बंद किया।



घर के बाहर लगी आग। अमृत विचार

# चेकिंग में दो मवेशी तस्करों को दबोचा

**कानपुर।** चकेरी पुलिस ने ट्रक से मवेशी की तस्करी करने वाले दो तस्करों को 53 मवेशियों समेत गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि रामादेवी में चेकिंग की जा रही थी, तभी महाराजपुर की तरफ से आ रहे एक ट्रक को रोका गया। तलाशी लेने पर ट्रक से 53 मवेशी लदे मिले। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम ट्रक चालक मोहम्मद आसिफ खान व परिचालक कासिम कुरैशी बताया। आरोपियों ने बताया कि वह जबलपुर से ट्रक में मवेशी लादकर उन्नाव स्लॉटर हाउस जा रहे थे। मवेशियों में तीन मृत मिले हैं, जबकि 10 बेदम पाए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है

राजनीति

## कार्यसमिति के 50 सदस्यों में से 31 ब्राह्मण, ज्यादातर नए चेहरे, 9 महिलाओं को भी स्थान

# भाजपा उत्तर में ‘पंडित पलटन’, पीडीए पड़ा किनारे

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा उत्तर जिले की कमेटी का विस्तार करते हुए अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने बुधवार को 50 जिला कार्यसमिति सदस्य घोषित कर दिए। इसमें 31 ब्राह्मणों के अलावा अन्य जातियों के कार्यकर्ताओं को समायोजित किया गया है, लेकिन पिछड़ों और दलितों की भागीदारी अंगुलियों पर गिनने वाली है। समिति को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा गरम है कि ब्राह्मण अध्यक्ष ने अपनी बिरादरी को खास तरजीह दी है और बाकी की उपेक्षा हुई है।

भाजपा उत्तर जिले में कई ऐसे चेहरों को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है, जिनकी कोई खास राजनीतिक पहचान नहीं है और वे अपने मोहल्ले या किसी नेता के दरबार तक ही सीमित हैं। दो पूर्व पार्षदों के अलावा कुछ बूथ स्तर के कार्यकर्ता शामिल किए गए हैं, तो कुछ पुराने कार्यकर्ताओं को स्थान मिला है। सांसद और विधायकों की सिफारिश चली है, पर ज्यादातर सदस्यों का चयन जिलाध्यक्ष की मर्जी से हुआ है। पूरी कार्यसमिति में सवर्णों, खासतौर पर ब्राह्मणों का दबदबा ज्यादा है। सात ठाकुर और तीन कायस्थ सदस्य भी हैं। चर्चा गरम है कि कार्यसमिति में पिछड़ों और दलितों को पर्याप्त स्थान नहीं दिया है। भाजपा उत्तर जिले में 34 की मुख्य कमेटी में 11 ब्राह्मण, पांच पिछड़े और चार महिलाएं पदाधिकारी बनाई गई थीं।

इस संबंध में भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने बताया कि अभी कार्यसमिति की सूची पूरी नहीं हुई है। सभी को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश है। अगली सूची में बाकी लोगों को समायोजित किया जाएगा।




### कार्यसमिति में इनको मिली जगह

- बृज नंदन दुबे, धीरज साहू, देवेंद्र वोरा, अजय दुबे टीटू, संतोष निगम, संध्या मिश्रा, बड़े सिंह चंदेल, अनुप्रिया श्रीवास्तव, पुलकित द्विवेदी, अभिषेक अवस्थी, रेवंत मिश्रा, शरद त्रिवेदी, पंकज तिवारी, अश्वनी तिवारी, मनुस्मृति मिश्रा, भावना वाजपेई, नम्रता अवस्थी, रानी शुक्ला, सुयश पांडे, मानस श्रीवास्तव, अनिल चंदानी, आशुतोष दीक्षित, नर्मदा पांडे, ज्योति सिंह, मनीष तिवारी, जितेंद्र सिंह, शिखा चतुर्वेदी, दुर्गेश सिंह, सर्वेश शुक्ला, राहुल सिंह, अशोक दुबे, दीपक त्रिपाठी, अमलेश गौर, सुशील अवस्थी, सुरेंद्र वाजपेई, अविनाश शुक्ल, सुरेश वाजपेई, दिव्यांश मिश्रा, संदीप पांडे, संजय अग्निहोत्री, मोहन सिंह, विकास वाजपेई, मयंक गुप्ता, संजय गुप्ता, रोहित विश्नोई, अविरल मल्होत्रा, देवेंद्र दीक्षित, वरुण भंडारी, वेद प्रकाश शुक्ला और प्रेम सिंह।

## सिटी ब्रीफ

### नशेबाजी में नाले में गिरे युवक की मौत

कानपुर। हनुमंत विहार में नशेबाजी में नाले में गिरे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। योगेंद्र विहार निवासी स्व. रामबाबू का 23 वर्षीय बेटा रोहित कुमार मजदूरी करता था। परिवार में मां किरन व बड़ा भाई शिवम है। परिजनों ने बताया रोहित शराब का लती था। 15 अप्रैल को नशे की हालत में नाले में गिर गया था। जानकारी होने पर उसे निकालकर हैलट में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मंगलवार रात उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेजा।

### खड़े डंपर में घुसी पिकअप, तीन घायल

कानपुर। जाजमऊ फ्लाइओवर पर बुधवार दोपहर ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित पिकअप खड़े डंपर में जा घुसा। हादसे में पिकअप में सवार तीन लोग घायल हो गए है। महाराजपुर के तिलसहरी गांव निवासी कुलदीप कुमार पाल पिकअप चालक हैं। कुलदीप के अनुसार बुधवार दोपहर वह लखनऊ में सामान उतारकर घर लौट रहे थे, तभी उन्नाव के नवाबगंज में चार सवारियों को रामादेवी के लिए बैठा लिया। जाजमऊ से रामदेवी फ्लाइओवर पर पहुंचते ही कार ने ओवरटेक किया, तभी पिकअप अनियंत्रित होकर आगे खड़े डंपर में जा घुसी। हादसे में पिकअप में सवार उन्नाव नवाबगंज निवासी अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि छंगा लाल व एक अन्य को भी चोट आई। उन्होंने बताया कि डंपर का डीजल खत्म हो गया था। इसलिए चालक ने डंपर को सड़क किनारे लगा दिया था।

### गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

कानपुर। किदवईनगर पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए बुधवार सुबह बरगदिया तिराहे के पास एक युवक को 1.62 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर खड़े युवक को रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम गोवर्धनपुरवा निवासी अभिषेक सरोज बताया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### आर्थिक तंगी में युवक ने दी जान

कानपुर। सेन पश्चिम पारा में शराब की लत व आर्थिक तंगी के चलते युवक ने सुसाइड कर लिया। तौधकपुर निवासी 35 वर्षीय अमन पाल चश्मे की दुकान पर नौकरी करता था। परिवार में मां चंद्रकली, पत्नी विशाखा, दो बच्चे व पांच बहनें हैं। परिजनों के अनुसार अमन शराब का लती था। कमाई ठीक न होने से आर्थिक तंगी से भी गुजर रहा था। इससे घरेलू कलह भी होता था।

### बैट्री चोरी करते युवक को पकड़ा

कानपुर। बर्रा में सोमवार सुबह बैट्री चोरी करते लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया और उसे पुलिस को सौंपते हुए उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के अनुसार बर्रा-8 निवासी कमलाकांत द्विवेदी के घर के बाहर खड़ी डीसीएम की बैट्री युवक निकाल रहा था। तभी कमलाकांत ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर आरोपी को ऑटो समेत दबोच लिया। तलाशी में ऑटो से चोरी की गई बैट्री बरामद हुईं। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रोहित कुमार, निवासी चकेरी बताया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

# केस्को मुख्यालय पर महिलाओं का हल्ला बोल-धरना

## इधर हजारों रुपये बिल जमा किया, उधर बिल माइनस बताने लगता, बर्रा-दबौली वेस्ट की महिलाओं ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्मार्ट मीटर की अराजकता से परेशान दबौली वेस्ट और बर्रा की महिलाओं ने केस्को मुख्यालय पर बुधवार दोपहर जमकर हंगामा किया। हंगामा करती महिलाएं केस्को एमडी से मिलने की जिद करती रहीं। जब ये पता चला कि एमडी नहीं हैं तो वहीं घंटों धरने पर बैठी रहीं। एमडी ने स्मार्ट मीटर की जांच कर रही केस्को टीम को इस मामले की जांच सौंपी है।

बुधवार को बर्रा दबौली वेस्ट दादा नगर स्थित बाबा की बगिया की दर्जनों महिलाओं ने केस्को मुख्यालय पर हंगामा किया। इस दौरान वहां पहुंचे केस्को के एक अधिकारी से भी महिलाएं भिड़ गईं। महिलाओं का कहना था कि उनकी कॉलोनी में 18 वर्ग मीटर के मकान हैं और 2 किलो वाट का कनेक्शन लगा दिया गया है। और तो और इन मकानों में स्मार्ट मीटर लगा दिया गया है, हजारों का बिजली का बिल कहां से देंगी। बिल का मैसेज आता है तो बिल जमा कर देते हैं लेकिन फिर मैसेज आ जाता है कि आपका बैलेंस माइनस में है, बिजली कटने से पहले तुरंत बिजली का बिल जमा करें।


केस्को मुख्यालय पर पहुंचीं महिलाएं। अमृत विचार


महिलाओं ने घंटों हंगामा किया। अमृत विचार

- 18 वर्ग मीटर के छोटे-छोटे घरों में दो किलोवाट का लोड, ऊपर से स्मार्ट मीटर ठोंक दिए गए

### महिलाओं को धक्का देकर बाहर निकाला

- महिलाओं का आरोप है कि अधिकारी से मिलने के लिए जब कार्यालय के अंदर पहुंचे तो वहां महिला सुरक्षा कर्मियों ने उनसे अभद्रता की और उन्हें धक्का देकर बाहर निकाल दिया। अब अधिकारियों से नहीं मिलाया जा रहा है और ये कहा जा रहा है कि केस्को एमडी मीटिंग में हैं।

### बिल जमा करने के बाद माइनस बैलेंस से हर कोई परेशान



- 14 अप्रैल 2026 को मैंने 1921 रुपये बिजली का बिल जमा किया लेकिन 28 को फिर मैसेज आ गया कि आपका बैलेंस 1068 रुपये माइनस में है, तुरंत जमा करें। बिजली घर जाते हैं तो कहा जाता है कि केस्को मुख्यालय में अधिकारियों से बात करें, मुख्यालय आते हैं तो यहां कहा जाता है कि मीटर की जांच हो रही है।

**मोहम्मद बिलाल, मखनिया बाजार**



- बिजली का बिल 14 अप्रैल 2026 को 2150 रुपये जमा किया, 29 अप्रैल को फिर मैसेज आ गया है कि आपका बैलेंस 1825 रुपये माइनस है, तुरंत जमा करें। आखिर इतनी जल्दी कैसे इतना माइनस हो सकता है जबकि घर में न तो एसी है न कोई ज्यादा बिजली खर्च की जाती है।

**अवनी गुप्ता, दबौली वेस्ट, बाबा की बगिया कानपुर**



- 7 अप्रैल को 5656 रुपये बिजली का बिल जमा किया गया लेकिन अब फिर मैसेज आ गया है कि आपका 1000 रुपये माइनस है, तुरंत जमा करें ताकि बिजली विच्छेद से बच सकें। ऐसे में कहां से पैसा लाएं, कैसे जमा करें। 2 किलो वाट का कनेक्शन है लेकिन बिल बहुत आ रहा है। परेशान हो गए हैं और कोई नहीं सुन रहा।

**किरन तिवारी, दबौली वेस्ट**



- बाबा की बगिया में छोटे छोटे घर हैं, लोगों के घरों में न तो कूलर है, न एसी लेकिन उसके बाद भी कई कई हजार बिजली का बिल आ रहा है, ये सोचकर बिल जमा कर दिया जाता है कि अब थोड़े दिन के लिए फुर्सत हो जाएगी लेकिन एक सप्ताह भी नहीं बीतता कि फिर मैसेज आ जाता है कि बिल बकाया है। कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही।

**मधु राजपूत, दबौली वेस्ट**

### जिद में पत्नी मायके गई, युवक ने किया सुसाइड

कानपुर। किदवईनगर में पति से झगड़कर पत्नी मायके चली गई। यह बात पति को नागवार गुजरी और आवेश में आकर उसने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली।

जूही डिपो बारादेवी निवासी शिव शंकर का 32 वर्षीय एकलौता बेटा रजत गुप्ता पान-मसाला की गुमटी चलाता था। परिवार में पिता-पुत्र ही थे। मां रन्नो की दो साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। पिता के अनुसार रजत ने बीते नवंबर माह में इलाके की नैना से प्रेम विवाह किया था। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह वह काम से निकले थे। इसी बीच बहू ने अपनी मां से बात की और भाई को बुलाकर मायके जाने की बात कही। बेटे ने मना किया, लेकिन वह नहीं मानी और चली गई। इस पर बेटे ने आवेश में आकर बहू के जाने के बाद कमरे में फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।


रजत।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# कर्जदार चालक ने रच ली खुद के अपहरण की कहानी, पकड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गाजियाबाद में रिक्शा चालक को शराब पिलाकर उसके मोबाइल से की फिरौती की कॉल
- दोस्त ने की मदद, पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके भेजा जेल

**अमृत विचार।** जाजमऊ में ड्राइवर ने मालिक के 20 हजार रुपये का कर्ज चुकाने के लिए दोस्त के साथ मिलकर खुद के अपहरण की कहानी रच दी। गाजियाबाद में आरोपी ने ई-रिक्शा चालक के फोन से परिजनों को व्हाट्सएप कॉल करके एक लाख रुपये की फिरौती मांगी। पुलिस ने आरोपी चालक व उसके दोस्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

मनोहरनगर ऊंचा टीला की रहने वाली सकीना ने 24 वर्षीय बेटे फैज की 27 अप्रैल को जाजमऊ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सकीना ने बताया कि 26 अप्रैल को वह स्कूटर लेकर मदीना मस्जिद के पास रहने वाले कारोबारी मुसैफ के यहां काम पर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। सकीना ने पुलिस को बेटे के अपहरण की जानकारी दी थी। बताया कि उनकी बहू तैमीना के मोबाइल पर एक अंजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई थी। जिसने बेटे का अपहरण करने और छोड़ने के लिए एक लाख रुपये मांगे थे। एडीसीपी पूर्वी शिवा सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि साइबर व सर्विलांस सेल की मदद से उस नंबर के बारे में जानकारी जुटाई गई तो वह गाजियाबाद का ई-रिक्शा चालक का निकला। जिसे शराब पिलाकर फैज ने कॉल किया था। फैज गाजियाबाद के गली नंबर चार स्लामनगर केला भट्ठा निवासी बेकरी कर्मी दोस्त फरमान उर्फ कस्सू के जरिए परिजनों से संपर्क कर फिरौती की मांग कर रहा था। पुलिस ने फरमान उर्फ कस्सू को गिरफ्तार कर लिया। फरमान के पकड़े जाने की जानकारी लगते ही फैज ट्रेन पकड़कर गाजियाबाद से शहर आ गया और रेलबाजार में रहने वाली मौसी के घर छिपा था। उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में फैज ने बताया कि 20 हजार रुपये का कर्ज चुकाने के लिए उसने ऐसा किया। उसका मालिक पैसा देने के लिए दबाव बना रहा था।

**योजना बनाकर भागा था**

एडीसीपी पूर्वी शिवा सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल को घर से निकलने के बाद फैज स्कूटर लेकर सेंट्रल स्टेशन पहुंचा। जहां उसने स्कूटर को पार्किंग में खड़ा किया और ट्रेन पकड़कर गाजियाबाद पहुंचा। वहां उसे फरमान मिला। फिर दोनों ने मिलकर एक ई-रिक्शा चालक को अपने पैसे से खूब शराब पिलाई। उसे नशे में करने के बाद उसके मोबाइल से फैज ने पत्नी तैमीना को कॉल किया एक लाख की फिरौती मांगी थी।

### दबंगों ने बेटे-बहू को पीटा

कानपुर। किदवईनगर में दबंगों ने घर में घुसकर महिला, उसके बेटे और बहू को लाठी-डंडों से पीट दिया। मारपीट में महिला का सिर फट गया और तीनों घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है। बारादेवी कच्ची बस्ती निवासी संतोष की पत्नी गंगादेवी के अनुसार 24 अप्रैल की दोपहर करीब एक बजे वह घर पर थीं। तभी मंथन, दिनेश और विमलेश घर आए और बेटे छोटू से गाली-गलौज करने लगे।

विरोध करने पर तीनों ने मिलकर गंगादेवी, उसकी बहू रानी और बेटे छोटू को लाठी-डंडों से पीट दिया। जिससे गंगादेवी का सिर फट गया। जबकि बहू और बेटा भी घायल हो गए। आरोप है कि पीड़िता जब थाने पहुंचीं तो पुलिस ने मेडिकल कराया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिस पर उसने डीसीपी से शिकायत की। किदवई नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# हवाला मामले में फरार महफूज के खिलाफ एक और रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**1600** करोड़ के हवाला मामले में फर्जी जीएसटी फर्म बनाकर किया लेनदेन

- मुकदमे में उसका बेटा, साला व साले का बेटा भी बनाया गया आरोपी

**अमृत विचार।** जाजमऊ में 1600 करोड़ के हवाला मामले में फरार चल रहे महफूज उर्फ पप्पू छुरी, उसके बेटे, साले व साले के बेटे के खिलाफ बुधवार को एक और रिपोर्ट दर्ज हुई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि किराए का मकान दिलाने के नाम पर उसके दस्तावेज लेकर महफूज ने उसका खाता खुलवा दिया था। इसके बाद फर्जी जीएसटी फर्म बनाकर उसके खाते से लेनदेन भी किया।

सरैया बाजार निवासी शाहनवाज एक कंपनी में नौकरी करता है। शहनवाज की तहरीर के अनुसार बीते साल 2025 में सराय सरैया बाजार के पास वह किराये का कमरा लेने के लिए टहल रहा था। इसी बीच उसकी मुलाकात महफूज उर्फ पप्पू छुरी उर्फ से हुई थी। पप्पू ने मकान दिलाने के साथ बीमा कराने का झांसा दिया था। शाहनवाज ने बताया कि उसके साथ उनकी एक महिला मित्र भी उसी मकान में रहती थी। वह भी उसके साथ कंपनी में नौकरी करती थी। महफूज ने दोनों का बीमा कराने की बात कहकर दस्तावेज ले लिए। इसके बाद कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसके नाम की जगह राजा मिश्रा के नाम से फर्जी फर्म और बैंक खाता खुलवा दिया। इतना ही नहीं फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड भी बनाया। जिस पर उसकी फोटो लगाई गई। इसके बाद फर्जी जीएसटी फर्म बनाकर लेनदेन किया। पीड़ित ने जब दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से मना किया, तब आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। डर के कारण वह चुप रहा था। थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि महफूज उर्फ पप्पू छुरी, उसका बेटा फैज, साला महताब आलम और साले का बेटा मासूम आलम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### खाता उसका और नंबर और किसी का दर्ज

- शहनवाज ने बताया कि आरोपियों ने उसके बैंक खाते, चेकबुक और अन्य दस्तावेज अपने पास रख लिए थे। उसके खाते में किसी अन्य व्यक्ति का मोबाइल नंबर भी दर्ज कराया था। आरोपी महफूज के खिलाफ जाजमऊ, चकेरी समेत अन्य थानों में रिपोर्ट दर्ज है।

### 135 आबकारी मुकदमों का माल नष्ट कराया


कानपुर। नौबस्ता पुलिस ने ऑपरेशन दहन के तहत 135 आबकारी मामलों से जुड़े जब्त माल को नष्ट कराया है। पुराने मामलों में कार्रवाई पूरी होने के बाद हंसपुरम स्थित मैदान में जेसीबी से गड्ढा खोदकर शराब और अन्य जब्त सामग्री को दबाकर निस्तारित किया गया। हेड मुहर्रिर व मालखाना प्रभारी वीरेंद्र पांडेय ने बताया कि यह सभी मामले काफी समय से लंबित थे।

# 12 साल प्रेम के बाद मुंह मोड़ा, युवक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चाचा की भी हार्ट अटैक से मौत परिवार में दो मौतों से मचा कोहराम

**अमृत विचार।** चकेरी में प्रेमिका ने शादी करने से इनकार किया तो युवक ने सुसाइड कर लिया। युवक का सूरत की युवती से करीब 12 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। घटना के कुछ घंटे बाद युवक के चाचा की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई। घर में दो मौतों से कोहराम मच गया। परिजनों का आरोप है कि युवती ने अंतरजातीय बताकर किनारा करना चाहा, लंबे समय से युवक से रुपये ऐंठ रही थी। पुलिस ने जांच-पड़ताल की।


अंकित।

कांजीखेड़ा निवासी 30 वर्षीय अंकित जायसवाल की घुमनी बाजार में हार्डवेयर की दुकान है। परिवार में मां प्रमिला देवी, छोटा भाई अवनीश व बहन मानसी है। पिता की मौत हो चुकी है। अवनीश के अनुसार अंकित करीब 12 साल पहले फेसबुक के जरिये सूरत की रहने वाली युवती के संपर्क में आया था। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चला। आरोप है कि युवती अंकित को प्रेमजाल में फंसाकर उससे रुपये ऐंठ रही थी। उसके परिजन शादी के लिए तैयार थे, लेकिन दो माह पहले युवती ने अंतरजातीय बताकर शादी करने से मना कर दिया। उसके बाद से अंकित तनाव में रहने लगा था। अवनीश ने बताया कि मंगलवार को चाचा ज्ञानदत्त को अटैक पड़ा था। इस पर उन्हें कार्डियोलॉजी में भर्ती कराया गया। घरवाले उनके पास अस्पताल में थे, इधर घर पर अकेले अंकित ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मानसी जब उसे कमरे में बुलाने गई तो शव फंदे से लटकता देखा।

**मंथन** मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर का तैयार होगा बौद्धिक मंच

# मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन 9-10 को

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चिकित्सा शिक्षा से परे सामाजिक, नीतिगत, वैश्विक विषयों पर समझ विकसित करेंगे

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में पहली बार जीएसवीएम एमयूएन- 2026 का आयोजन नौ व 10 मई को किया जाएगा। यह दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालयीय सम्मेलन चिकित्सा छात्रों के लिए एक उच्च स्तरीय, बहुआयामी व राष्ट्रीय स्तर का बौद्धिक मंच प्रदान करने काम करेगा, जहां पर वह चिकित्सा शिक्षा से परे वैश्विक, सामाजिक व नीतिगत विषयों पर अपनी समझ विकसित कर सकेंगे। साथ ही वह खुद को एक जिम्मेदार नीति-निर्माता, जागरूक नागरिक व वैश्विक दृष्टिकोण रखने वाले नेता के रूप में विकसित कर सकते हैं।




जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला ने बताया कि उत्तर प्रदेश के किसी भी मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित अपनी तरह का पहला मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन है। यह पहल चिकित्सा शिक्षा को केवल क्लिनिकल ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उसे सामाजिक, राजनीतिक एवं नीतिगत आयामों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। सम्मेलन में यूएनएससी (संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद), यूएनजीए (संयुक्त राष्ट्र महासभा), डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) व लोकसभा जैसी प्रतिष्ठित समितियां शामिल होंगी। सभी कार्यात्मक व संरचनात्मक पहलुओं की देखरेख उप प्राचार्य प्रो.रिचा गिरी करेंगी। कॉलेज के कैंपस प्रभारी डॉ.एसके बर्मन सभी लॉजिस्टिकल व कैंपस स्तरीय कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगे। बताया कि सम्मेलन में सिर्फ एक वाद-विवाद प्रतियोगिता ही नहीं, बल्कि यह नीति-निर्माण, कूटनीति, नेतृत्व कौशल व वैश्विक समस्याओं की गहन समझ विकसित करने का एक प्रभावी मंच भी है। प्रतिभागी छात्र संयुक्त राष्ट्र संगठन व भारतीय संसद की कार्यप्रणाली का सजीव अनुकरण करते हुए विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विमर्श करेंगे और समाधान प्रस्तुत करेंगे। देश के विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सा महाविद्यालयों के छात्रों के साथ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य व वरिष्ठ विशेषज्ञ भी शमिल होंगे। उप प्राचार्य प्रो.रिचा गिरी के मुताबिक इस आयोजन के माध्यम से छात्रों में तार्किक चिंतन, प्रभावी संप्रेषण कौशल, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण व नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। सम्मेलन का उद्देश्य चिकित्सा छात्रों को केवल एक कुशल चिकित्सक ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नीति-निर्माता, जागरूक नागरिक व वैश्विक दृष्टिकोण रखने वाले नेता के रूप में विकसित करना है।

# ताला तोड़ आठ लाख के नकदी-जेवर पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ में बंद फ्लैट का ताला तोड़कर चोर आठ लाख रुपये का माल चोरी कर ले गए। बुधवार लखनऊ से लौटा पीड़ित परिवार को चोरी का पता चला। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से चोरों का पता लगा रही है।

तलाक महल निवासी कपड़ा व्यापारी अकील व वसीम अहमद आशियाना कालोनी में किराये पर रहते हैं। अकील अहमद ने बताया कि उनकी पत्नी रूबीना अपने मायके औरैया फफूंद गई थी। वह सोमवार को उसे लेने गए थे। बुधवार दोपहर जब वह फ्लैट पर पहुंचे तो कमरे का ताला टूटा मिला। अलमारी में रखे 4.80 लाख रुपये और 3.20 लाख रुपये के जेवर गायब मिले। अकील ने बताया कि चोरों ने खिड़की का शीशा तोड़कर हाथ डालकर दरवाजा खोला है। इसके बाद घटना को अंजाम दिया। थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### अपनी चप्पल छोड़ गए चोर

- अकील ने बताया कि चोर उनकी भाभी फरहत के कपड़े फ्लैट के पीछे फेंककर गए हैं। इसके साथ ही घर का सामान भी जमीन पर बिखेरा है। चोर माल समेटने के बाद भागते समय अपनी चप्पल भी घर में छोड़ गए हैं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
महेशचंद्र भाटिया पुत्र अमीरचंद्र भाटिया निवासी प्राप्टी नं J 238 आवास विकास कानपुर उपरोक्त का मूल आवंटन पत्र (11132 दिनांक 01.09.2006) एवं मूल कब्जा पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0: 9793012777

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूनम पांडे उर्फ़ पूनम शर्मा पत्नी संदीप शर्मा निवासिनी- 6 ए/569 आ0वि0 हंसपुरम, नौबस्ता, कानपुर नगर एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

**सूचना**
मनीष जायसवाल पुत्र भोला जयसवाल निवासी 1/78 EWS स्वर्ण जयंती विहार सतवरी कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल कब्जा पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0: 6386151568

**सूचना**
रिजवान अहमद पुत्र मो. यासीन निवासी मकान न. 5H 215 आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल फ्री होल्ड डीड क्रमांक 10184 दिनांक 25.05.2016 कही खो गया है, जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0: 8756778522

## सिटी ब्रीफ

### यहां गुल रही बिजली

कानपुर। न्यू बारा सिरोही में एलटी लाइन डालने की वजह से बुधवार दोपहर 12 बजे से शाम को करीब चार बजे तक बिजली गुल रही। बाबूपुरवा के मुंशीपुरवा, बाकरगंज व टीपी नगर में बिजली इनकमर की केबिल में अनुरक्षण कार्य की वजह से शाम को चार बजे से छह बजे तक बिजली नहीं रही, जिसकी वजह से संबंधित क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### यहां नहीं आएगी बिजली

कानपुर। केस्को के अहिरवा उपकेंद्र के चकेरी, रुमा गांव, देवीगंज, एयरपोर्ट गेट व एयरपोर्ट टर्मिनल फीडर से जुडे आवासों व दुकानों की बिजली गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नहीं आएगी। इन क्षेत्रों के आठ केस्को कर्मी नया पांच एमवीए का पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा। ट्रांसफार्मर स्थापित होने के बाद आपूर्ति बहाल की जाएगी।

### पकड़ी बिजली चोरी

कानपुर। बिजली चोरी रोकने के लिए केस्को की विजिलेंस टीम ने अभियान का संचालन किया। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक सूटरगंज में नूर आलम, किदवई नगर ई–ब्लाक में नितिन मिश्रा व अशोक बघेल और गुजैनी कॉलोनी गोविंद नगर में रंजना को बिजली चोरी करते टीम ने पकड़ा है। इन सभी पर बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### झकरकटी में लखनऊ की बसें कम पड़ीं

कानपुर। शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा पर बुधवार को लखनऊ के यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह लखनऊ होते हुए गोरखपुर समेत विभिन्न जिलों तक जाने वाली बसें कुछ ही समय में यात्रियों से फुल हो गयी। देर शाम बस अड्डा पर अचानक लखनऊ जाने वाले यात्रियों की भीड़ पहुंची जिससे बसें कम पड़ गई।

### जगहीपुरवा चौराहे तक निकाला गया मार्च

कानपुर। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ओम पूर्व मंडल में नारी सम्मान के समर्थन में पैदल मार्च निकाला। कार्यक्रम का नेतृत्व सुमन वर्मा ने किया। सरस्वती स्कूल मेन रोड से जगही पुरवा चौराहे तक निकले मार्च में महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए अखिलेश यादव और राहुल गांधी के पुतले फूंके। वक्ताओं ने महिलाओं को 33% आरक्षण से जुड़े मुद्दे पर विपक्ष की भूमिका का विरोध जताया। कार्यक्रम में एलबी सिंह पटेल, शनि जायसवाल, पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, लक्ष्मी, रूबी, माया साहू, किरण जयसवाल आदि रहे।

### सचान चौराहे तक महिलाओं की यात्रा

कानपुर। भारतीय जनता पार्टी कानपुर दक्षिण के बर्रा मंडल में जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में नारी अधिनियम बिल के संसद में पारित न होने के विरोध में महिलाओं ने जन आक्रोश पदयात्रा निकाली। बर्रा बायपास से शुरू हुई यात्रा सचान चौराहे पर समाप्त हुई, जहां अखिलेश यादव का पुतला दहन किया गया। महिलाओं ने नारेबाजी कर विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसी तरह किदवईनगर मंडल में भी बारादेवी से भूलेश्वर मंदिर तक जनआक्रोश यात्रा निकाली गयी। शिवराम सिंह ने इसे महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय बताया। कार्यक्रम में जसविंदर सिंह, आनंद सिंह परिहार समेत कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

---

लखनऊ हाईवे पर उन्नाव में सोनिक के पास बने रैंप से वाहन सवार एक्सप्रेसवे पर चढ़ और-उतर सकते

# अभी शहर से 27 किमी दूर है गंगा एक्सप्रेस-वे, कब बनेगी लिंक रोड

- आउटर रिंग रोड से लिंक बनाकर गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने की पुरानी मांग ने अब पकड़ा जोर
- बैराज मार्ग से कनेक्टिविटी मिलने पर ट्रांस गंगा सिटी के विकास को भी लगेंगे पंख और मिल सकेगा पूरा फायदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


प्रयागराज–मेरठ गंगा एक्सप्रेस–वे।

**अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेसवे पर सफर करने के लिए शहर के लोगों को उन्नाव पहुंचना पड़ेगा। इसी तरह इस एक्सप्रेसवे पर मेरठ से आने वाले वाहनों को भी उन्नाव में नीचे उतरकर शहर का रास्ता तय करना होगा। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर उन्नाव में दही थाना के अंतर्गत सोनिक के पास बनाए गए रैंप से वाहन सवार गंगा एक्सप्रेसवे पर चढ़ और-उतर सकते हैं। इस स्थान की कानपुर से दूरी लगभग 27 किलोमीटर है। ऐसे में यह मांग की जा रही है कि गंगा एक्सप्रेसवे को कानपुर आउटर रिंग रोड से लिंक बनाकर जोड़ा जाए।

गंगा एक्सप्रेसवे पर कानपुर या उन्नाव के लिए लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोनिक में पहला कट बनाया गया है, जबकि दूसरा इंटरचेंज बांगरमऊ तहसील के शादीपुर गांव के पास बनाया गया है। यहां से वाहन सवार एक से दूसरे एक्सप्रेसवे पर भी पहुंच सकेंगे। गंगा एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखे जाने और रूट मैप सामने आने के बाद ही इसे कानपुर से लिंक करने की कवायद शुरू हुई थी। कानपुर समग्र विकास उच्चस्तरीय समिति की बैठक में तत्कालीन मंडलायुक्त ने कहा था कि कानपुर आउटर रिंग रोड का कुछ हिस्सा उन्नाव जिले की सीमा में आ रहा है, ऐसे में एक नया मार्ग बनाकर रिंग रोड को एक्सप्रेसवे से जोडने का प्रस्ताव बनाया जाएगा। इसके लिए अलाइनमेंट बनाना तय हुआ था, ताकि पता चल सके कि रिंग रोड से किस स्थान से कहां तक मार्ग बनाकर गंगा एक्सप्रेसवे को जोड़ा जा सकता है।

इसके साथ ही गंगा बैराज मार्ग से भी कनेक्टिविटी देने की संभावना तलाशना तय हुआ था, ताकि ट्रांस गंगा सिटी को भी गंगा एक्सप्रेस वे से जोड़ा जा सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन मौके पर इस एक्सप्रेसवे के विस्तार की बात कही है। ऐसे में जल्दी ही मेरठ से हरिद्वार तक इसका विस्तार किया जाएगा और फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस के जरिये दूसरे एक्सप्रेस से से भी जोड़ा जाएगा। कन्नौज-फर्रुखाबाद से गंगा एक्सप्रेसवे के जुड़ने पर मौजूदा कानपुर-अलीगढ़ जीटी रोड से पहुंच मिल सकेगी। फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे करीब 92 किमी लंबा होगा। इसे सिक्सलेन बनाकर प्रदेश के तीन एक्सप्रेसवे से जोड़ने की योजना है। इस लिंक एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी हरदोई के सवायजपुर में गंगा एक्सप्रेसवे से और इटावा के कुदरैल में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से होगी। इस तरह फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस के जरिये गंगा एक्सप्रेसवे को तीन एक्सप्रेसवे से इंटरकनेक्ट कर दिया जाएगा, जिसका लाभ भविष्य में शहर को भी मिलेगा।

## लोगों की बात


शहर के औद्योगिक विकास के लिए उसका इस एक्सप्रेस वे से जुड़ना बहुत जरूरी है। इसे यदि रिंग रोड से जोड़ा जाए तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश से आने वाले उद्यमियों को काफी राहत मिल सकेगी। शहर एक औद्योगिक शहर है। इस स्थितियों में इसका एक्सप्रेस रोड से जुड़ना जरूरी हो जाता है।

–उमंग अग्रवाल, महासचिव फीटा


कानपुर की पहचान ही गंगा से है, इस स्थिति में इस एक्सप्रेस वे कानपुर को जोड़ा जाना बहुत जरूरी है। इससे गंगा एक्सप्रेस वे का नाम भी सार्थक होगा। रिंग रोड की कनेक्टिविटी से शहर के लोगों को भी सहूलियत होगी। उन्हें पश्चिमी उत्तर प्रदेश जाना और अधिक आसान हो सकेगा।

–प्रेरणा वर्मा, अध्यक्ष, महिला विंग लघु उद्योग भारती


शहर ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी अपने औद्योगिक स्वरूप को जिंदा रखा है। इस शहर को एक्सप्रेस वे की सुविधा से अछूता रखा जाना शहर के साथ मजाक है। अब सिर्फ विकल्प यह है कि इसे रिंग रोड से जोड़कर शहर को उसका अधिकार दिया जाना चाहिए।

–अतुल सेठ, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, पीआईए


शहर की सीधी कनेक्टिविटी किसी भी एक्सप्रेस वे से नहीं है। यह शहर के औद्योगिक स्वरूप को देखते हुए उचित नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए शहर की सीधी कनेक्टिविटी एक्सप्रेस वे से मिलनी चाहिए। इससे शहर के एमएसएमई सेक्टर के साथ ही बड़ी इकाइयों को भी लाभ होगा।

–सुनील वैश्य, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आईआईए

---


केस्को एमडी को ज्ञापन देते भाजपा नेता। अमृत विचार

## बिजली संकट को लेकर केस्को एमडी से मिले भाजपाई

कानपुर। भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर के कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को परेड केस्को कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने शहर में व्याप्त विद्युत समस्याओं को लेकर भीषण गर्मी में आमजन को राहत दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए जर्जर तारों को बदलने की मांग की। उन्होंने ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने और खराब ट्रांसफार्मरों को तुरंत बदलने की भी मांग की। बिजली बिलों में गड़बड़ियों के समाधान के कैंप व शिकायत निस्तारण के लिए हेल्पलाइन को और प्रभावी बनाने की मांग रखी। मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार और अवैध वसूली का मुद्दा उठाया। एमडी ने समाधान का आश्वासन दिया।


व्यापारियों ने केस्को एमडी को बताईं समस्याएं अमृत विचार

## बिजली कटौती से व्यापारी परेशान, बाजार का बुरा हाल

कानपुर। अघोषित बिजली कटौती से परेशानी व्यापारियों ने बुधवार को केस्को एमडी से मुलाकात की। व्यापारियों ने समस्याओं से संबंधित उन्हें ज्ञापन भी दिया। केस्को एमडी से व्यापारियों ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती से व्यापारी परेशान हो गए हैं। कारोबार प्रभावित होने की वजह से बाजार का भी बुरा हाल है। व्यापारियों ने अघोषित बिजली कटौती को समाप्त करने, गलत बिलों के संशोधन व विद्युत संबंधी अन्य समस्याओं के समाधान किए जाने की मांग भी की। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि विद्युत बिलों में लगातार त्रुटियां सामने आ रही हैं, जिसके कारण उपभोक्ताओं को बार–बार केस्को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

---

# छह जगहों पर प्रेरणा कैंटीन समूह की महिलाएं चलाएंगी

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में 6 जगहों पर प्रेरणा कैंटीन खोली जाएंगी। जिनका संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी। शहर के प्रमुख जगहों पर स्थल का चयन किया जाएगा। विभाग उन प्रतिष्ठानों की भी तलाश कर रहा है जहां लोगों की भीड़ ज्यादा आती है। स्थलों का चयन करते समय देखा जाएगा कि ब्लाक से जगह कितनी दूरी पर है।

उर्सला, डफरिन, काशीराम अस्पताल के साथ-साथ आईआईटी, एचबीटीयू व आईटीआई पांडू नगर में लोगों को कलेक्ट्रेट व विकास भवन की तरह नाश्ता व भोजन मिलेगा। यहां के कर्मचारी और आगंतुकों को दुकानों पर जाने की समस्या दूर होगी। एनआरएलएम विभाग की ओर से जिले को 6 कैंटीन खोलने को कहा गया है। जिसमें विभाग ने जगह का चयन करने को कहा था। जिले के कार्यालय से सभी जगहों का चयन कर लिया गया है। अब इनके विभागाध्यक्षों से बात कर कैंटीन के मानक के लिए स्थल का आवंटन कराया जाना है।

**350 वर्ग फीट में होगी कैंटीन:** प्रेरणा कैंटीन के लिए 350 वर्गफीट में खोली जाएगी। इतनी जगह में कैंटीन स्थापित करने के लिए सरकार की ओर से 03 लाख 80 हजार रुपये दिए जाएंगे। जिसमें रंगरोगन, साफ-सफाई व अन्य कार्य के लिए 50 हजार रुपये मिलेंगे। इसी के साथ किचन से जुड़े इक्वीपमेंट, फर्नीचर, फ्रिज, पीओएस मशीन, गैस सिलेंडर व स्टोव, टेबल व कुर्सी के लिए भी राशि होगी।

### समूह के सदस्यों के बीच बनानी होगी सहमति

प्रेरणा कैंटीन के संचालन के लिए जगह का चयन होगा। जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। तब जाकर राशि आवंटित होगी। लेकिन राशि जारी होने से पहले दो एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे। पहला एमओयू स्वयं सहायता समूह के सदस्यों (एओपी) के बीच आपस में होगा। जिसमें ये तय होगा कि किसकी कितनी हिस्सेदारी होगी। देखरेख व संचालन कौन करेगा। इस एमओयू से लाभ ये होगा कि तय हो जाएगा कि किस सदस्य की क्या जिम्मेदारी होगी। पहला एमओयू हो जाने के बाद सीएलएफ (क्लस्टर लेवल फेडरेशन) और एओपी के बीच होगा। जिसमें जरूरी दिशा–निर्देश होंगे। इसमें कैंटीन के मालिकाना हक की बात शामिल होगी।

6 जगहों पर प्रेरणा कैंटीन खोली जानी है। सरकार की ओर से निर्देश मिले हैं। इन कैंटीन का संचालन समूह की महिलाओं की ओर से कराया जाना है।

– आलोक कुमार सिंह, प्रभारी उपायुक्त, एनआरएलएम

## हरसहाय कॉलेज में प्रवेश शुरू

कानपुर। हरसहाय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाविद्यालय ने स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। छात्र 150 आवेदन शुल्क देकर कॉलेज परिसर से आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है। प्राचार्य प्रो. अमर श्रीवास्तव ने बताया कि बीएससी और बीकॉम सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में लगभग 7 सौ सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगी।

# कारोबार में भुगतान की समस्याओं को करें दूर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- व्यापारी नेताओं ने बाजारों में जाकर समस्याएं पूछीं, समाधान का दिया आश्वासन

**अमृत विचार।** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल उत्तर के पदाधिकारियों ने बुधवार को बाजार जाकर व्यापारियों की समस्याएं जानीं। अजय कॉप्लेक्स व हमराज मार्केट में पदाधिकारियों ने भ्रमण भी किया। व्यापारियों की ओर से सबसे अधिक परेशानी दूसरे जिलों के व्यापारियों की ओर से भुगतान को रोका जाना बताया गया।

शहर के गारमेंट्स बाजारों में व्यापारियों ने सुविधाएं न होने की भी बात कही गई। बिजली कटौती से भी कारोबार प्रभावित होता है। संगठन की ओर से बाजार के व्यापारियों की समस्याओं को सिलसिलेवार लिखा गया। तय हुआ कि व्यापारियों के भुगतान रुकने की समस्या को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के समक्ष भी रखी जाएंगी। इस दौरान सुनील बजाज, कृपा शंकर त्रिवेदी, रामेश्वर गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, उमेश अग्रवाल, राजेश गुप्ता, अखिल जैन, रवि गुप्ता व गुलशन जायसवाल आदि मौजूद रहे।



कानपुर उद्योग व्यापार मंडल उत्तर के पदाधिकारियों ने जानीं समस्याएं। अमृत विचार

# 1 से 5 मई के बीच सभी 17 जिलों में कार्यशालाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के संगठनात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने की।

प्रकाश पाल ने बताया कि क्षेत्र के सभी 254 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग पूरे हो चुके हैं। अब अगले चरण में जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जिला स्तर के पदाधिकारी वैचारिक प्रतिबद्धता के साथ भाग लेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि 1 से 5 मई के बीच सभी 17 जिलों में कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जिनमें प्रदेश व क्षेत्रीय पदाधिकारी शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि 8 मई से जिला प्रशिक्षण वर्ग शुरू होंगे और 31 मई तक संचालित किए जाएंगे।

प्रत्येक वर्ग दो दिवसीय होगा, जिसमें 12 सत्रों के माध्यम से संगठनात्मक, वैचारिक और सामाजिक विषयों पर चर्चा होगी। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने कहा कि ये प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को मजबूत करेंगे। बैठक में अनीता गुप्ता, पवन प्रताप सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ड्यूटी से नाम कटवाने के सैकड़ों आवेदन

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- गर्भवती महिलाओं के ज्यादा आवेदन, मई-जून में स्कूली ड्यूटी का भी हवाला
- एडीएम (एफआर) विभागीय अफसरों से रिपोर्ट लेने के बाद कर रहे निस्तारण

**अमृत विचार।** जनगणना ड्यूटी से नाम कटवाने के लिए अब तक 450 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा बीमार और गर्भवती महिलाएं हैं। जनगणना का कार्य 22 मई से शुरू हो रहा है जो कि 20 जून तक चलेगा। ड्यूटी से नाम कटवाने के लिए हेडमास्टर के भी आवेदन पहुंच रहे हैं। हवाला दिया जा रहा है कि इस दौरान स्कूल का रूटीन का काम चलता है। हालांकि एडीएम एफआर विवेक चतुर्वेदी संबंधित विभाग के अधिकारी से पुष्टि करने के बाद ही आवेदन पर मार्किंग कर रहे हैं।

इसके विपरीत कुछ ऐसे कर्मी भी आगे आए हैं जो दूसरों के लिए मिसाल बन रहे हैं। पं. जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज, जामू के सहायक अध्यापक विजय बहादुर 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं। वे ड्यूटी से नाम कटवाने के लिए पात्र भी हैं लेकिन उन्होंने इसे अपनी नैतिक जिम्मेदारी बताई। कहा कि जनगणना भी एक पर्व की तरह ही है। सेवा के दौरान रहने पर ही ये मौका मिलता है। उन्होंने 2011 की जनगणना में भी योगदान दिया था। इसी तरह हरजिंदर नगर इंटर कॉलेज के जयप्रकाश शर्मा के कृत्रिम पैर हैं। दिव्यांग होने के बावजूद जनगणना के काम को मुस्तैदी के साथ करने की इच्छा जताई है। वहीं शिक्षा मित्र मधु सिंह ने ड्यूटी हटाने के बजाय घर के पास कार्य में लगाने का अनुरोध किया। उनके इस सकारात्मक सोच को प्रशासन ने स्वीकार कर लिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कर्मचारियों का जिम्मेदारी से पीछे हटना समाधान नहीं है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# भीषण गर्मी के कारण चिड़ियाघर में मांसाहारी जीवों की डाइट घटाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गर्मी के कारण जानवर बाड़ों में ही छोड़ रहे आधी खुराक
- तेंदुआ को 4 किलो की जगह 2.5 मांस, मुर्गा देना बंद किया

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के कारण इंसानों के साथ ही पशु पक्षी भी परेशान हैं। कानपुर चिड़ियाघर में मांसाहारी जीवों की खुराक कम कर दी गयी है। तेंदुआ, लकड़बग्घा समेत कई जानवरों को पहले 4 किलो मांस खा रहा था लेकिन उसकी खुराक घटाकर 2.5 किलो कर दी गयी है। पक्षियों के पास पानी की बौछार लगाई गई है ताकि उन्हें बारिश का अहसास हो। इस अप्राकृतिक बारिश में पक्षी खूब मस्ती कर रहे हैं।

कानपुर चिड़ियाघर के डॉक्टर नासिर ने बताया कि शेर को पहले गर्मी में 10 किलो मांस दिया जाता था लेकिन उसकी डाइट घटाकर 7 किलो कर दी गई है। डॉ. ने बताया कि जानवर बाड़े में ही आधी खुराक छोड़ रहे हैं।

तेंदुआ, बाघ और शेर को पानी में इलेक्ट्रोलाइट दिया जा रहा है। साउथ अमेरिकी मकाऊ को तरबूज के अलावा ताजा संतरा और मुसम्मी खिलाया जा रहा है। गर्मी के चलते मांसाहारी जानवरों को मुर्गा भी नहीं दिया जा रहा है। मगरमच्छ को सप्ताह में एक बार में डेढ़ किलो मछली दी जा रही है।

### गर्मी में रही राहत, तापमान गिरा

- कानपुर। शहर में तपती गर्मी से बुधवार को शहरियों को थोड़ी राहत मिली। बादलों ने धूप को कम कर तापमान में भी गिरावट लाई। इसे मौसम विशेषज्ञ पश्चिमी विक्षोभ का असर बता रहे हैं। मौसम के बारे में विशेषज्ञ डॉ एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शहर में बुधवार को अधिकतम तापमान 40 .2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कानपुर मंडल में धूप नरम के साथ बादलों की आवाजाही नमी का प्रवाह निकलने के साथ गर्मी बढ़ने की साथ हीट इंडेक्स 50 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। आगे आने वाले दिनों में तापमानो में 2 से 4 डिग्री की गिरावट की संभावना है। दिन में तेज लू जैसी हवा चल सकती है।

---

खेती–किसानी

22 हेक्टेयर उत्पादन का था लक्ष्य, 14 सौ गुना फसल हुई

# मोटे अनाज का बढ़ा रकबा, किसानों ने की बंपर पैदावार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर में मोटे अनाज का रकबा तेजी से बढ़ रहा है। 22 हेक्टेयर में मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती कराने का लक्ष्य शासन से मिला। लेकिन किसानों ने आगे बढ़कर मिलेट्स की खेती 328 हेक्टेयर में की। मिलेट्स की खेती का ये प्रतिशत बताता है कि 1490.91 प्रतिशत आगे बढ़कर काम किया। जबकि कपास को छोड़कर किसानों ने तिल, धान, मक्का, ज्वार, बाजरा व उर्द जैसी फसलों के अपने रकबे में शत-प्रतिशत काम किया है। कुल 112766 हेक्टेयर में किसान जिले में खेती करते हैं। 2024 को मिलेट्स ईयर घोषित किया गया था। इसके बाद केंद्र व राज्य सरकार ने मोटे अनाज के प्रति किसानों को जागरूक करना शुरू किया। लोगों में भी मोटे अनाज के प्रति रुझान बढ़ा। किसानों ने लोगों की मांग को देखते हुए पैदावार करना शुरू किया। जब फसल तैयार हुई तो बाजार में किसानों को सही कीमत भी मिली। यही कारण है कि किसान अब अगले सीजन में इस बार से ज्यादा उत्पादन कर सकते हैं। मोटे अनाज की पैदावार करने वाले किसानों से विभाग संपर्क कर रहा है।



### जिले में किसानों का आंकड़ा

कुल किसान– 2.85 लाख

सम्मान निधि पाने वाले किसान– 2.15 लाख

### जिले में उर्वरकों का लक्ष्य

| खाद | चाहिए | मौजूद |
|---|---|---|
| यूरिया | 40702 | 17840 |
| डीएपी | 11174 | 9442 |
| एनपीके | 9886 | 13418 |

(आंकड़ा टन में है।)

### खरीफ सीजन में खेतों पर डाली जाएगी 40 हजार टन यूरिया

- किसानों ने पिछले सीजन खरीफ फसलों के लिए 112766 हेक्टेयर में बुआई की थी। इस बार भी इसी के आसपास बुआई हो सकती है। इतनी खेती करने के लिए 40702 टन यूरिया लगेगी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार अभी जिले में 17840 टन यूरिया है। बता दें कि खरीफ का सीजन अभी सितंबर तक चलना है। विभागीय अधिकारी बताते हैं कि अभी सीजन के लिए यूरिया आनी है। हालांकि क्षेत्र में किसान यूरिया के लिए परेशान हैं। तय किया गया है कि एक हेक्टेयर के लिये किसान को 7 बोरी यूरिया व पांच बोरी डीएपी ही मिलेगी। उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए जिले से लेकर पंचायत स्तर तक की निगरानी समिति का गठन किया गया है। ये समिति क्षेत्र में किसानों व दुकानदारों को प्रशिक्षण दे रही है। किसानों को खेतों में डीएपी व यूरिया डालने के बारे में जानकारी दी जा रही है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## सिटी ब्रीफ

### जिले में 35 लाख से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य तय

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में जिला पौधरोपण समिति की बैठक में पौधारोपण कार्यक्रम की समीक्षा हुई। इस बार जिले में 28 विभागों के माध्यम से कुल 35,48,356 पौधे रोपे जाएंगे। मियावाकी पद्धति सहित विभिन्न आधुनिक तकनीकों से अबकी बार रोपण किया जाएगा। विभागों को भूमि चिह्नित करने को बोला गया है। डीएम ने सभी विभागों को अपने-अपने लक्ष्य के अनुरूप भूमि चिन्हांकन कर उसकी सूचना वन विभाग को उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नर्सरी से पूर्व योजना बनाकर पौधों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर में किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान टमाटर की तुड़ाई के बाद मूल संवर्धन विषय पर उन्हें जागरूक किया गया। कृषक प्रशिक्षण शिविर में वैज्ञानिकों द्वारा टमाटर उत्पादक किसानों को फसल के बाद होने वाले नुकसान को कम करने और आय बढ़ाने के लिए मूल्य संवर्धन के विभिन्न तरीके बताए गए। उद्यान वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार सिंह ने टमाटर प्यूरी, सॉस बनाने के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ दीपक मिश्रा ने किसानों को बताया कि प्रसंस्करण से टमाटर की उत्पादकता पर शुद्ध लाभ में लगभग 22.95 फीसदी की वृद्धि हो सकती है।

### बीएनडी में प्रवेश शुरू

**कानपुर।** ब्रह्मानन्द कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश शुरू हो गए हैं। इनमें बीएससी, व बीकॉम कक्षाओं के लिए युवा आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि में महाविद्यालय से प्रवेश फार्म लेकर आवेदन कर सकेंगे। महाविद्यालय में प्रवेश केवल ऑफलाइन के माध्यम से तथा आवेदन प्रवेश काउण्टर के माध्यम से किया जाएगा। समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा भी कॉलेज हेल्प डेस्क पर उपलब्ध है। महाविद्यालय में प्रवेश पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं।

# रोबोट और एआई से गंभीर रोगों का भी आसानी से निदान होगा

## आईएमए सीजीपी एक से तीन मई तक आयोजित करेगा 43वां रिफ्रेशर कोर्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कॉलेज ऑफ जनरल प्रैक्टिशनर्स (सीजीपी), कानपुर सब फैकल्टी द्वारा एक मई से तीन मई तक आईएमए भवन के सभागार में 43वां रिफ्रेशर कोर्स-2026 का आयोजन किया जाएगा। रिफ्रेशर कोर्स में गंभीर व जटिल बीमारियों का निदान रोबोटिक विधि से कैसे आसानी से किया जा सकता है, इसपर विशेषज्ञ जानकारी देंगे। आने वाले समय में एआई के माध्यम से गंभीर बीमारियों की तत्काल जांच व उसकी तुरंत रिपोर्ट मिलने के फायदे आदि पर भी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

आईएमए कानपुर के अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि आईएमए सीजीपी (कॉलेज ऑफ जनरल प्रेक्टीशनर्स) कानपुर सब फैकल्टी का 43वां वार्षिक रिफ्रेशर कोर्स इस बार तीन दिन का होगा, जिसमे देश के प्रतिष्ठित चिकित्सक, वक्ता के रूप में भाग लेगें। विभिन्न बीमारियों, उनके निदान व नए उपचार के संबंध में जानकारी देंगे। उद्घाटन दो मई को आईएमए सभागार में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व एमएलसी सलिल विश्नोई द्वारा किया जाएगा। आईएमए सीजीपी कानपुर सब फैकल्टी के असि. डायरेक्टर डॉ.गौरव चावला ने बताया कि रिफ्रेशर कोर्स की थीम कनेक्टिंग केयरः एक स्वस्थ भविष्य के लिए नवाचार है। रिफ्रेशर कोर्स में 22 वैज्ञानिक सत्र होंगे। कैंसर पर पैनल विचार विमर्श भी किया जाएगा। आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, नई उपचार पद्धतियों व क्लिनिकल प्रैक्टिस से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

सचिव डॉ. शालिनी मोहन ने बताया कि रिफ्रेशर कोर्स में आईएमए के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे।



रिफ्रेशर कोर्स की जानकारी देते आईएमए पदाधिकारी। अमृत विचार

### अब तक हो चुके 540 पंजीकरण

- आईएमए सीजीपी कानपुर सब फैकल्टी के सचिव डॉ. शरद दमेले ने बताया कि इस बार के रिफ्रेशर कोर्स में अभी तक 540 पंजीकरण हो चुके हैं। छात्रों व चिकित्सकों के लिए इस बार की आयोजक टीम ने पैनल विचार विमर्श का भी आयोजन किया है। वैज्ञानिक सचिव डॉ. दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। वित्त सचिव डॉ. विशाल सिंह ने बताया कि दो मई की रात को बिठूर में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### यह डॉक्टर होंगे मुख्य रूप से शामिल

- सचिव डॉ.शालिनी मोहन ने बताया कि पहले दिन लखनऊ के डॉ. देवांश मिश्रा क्लिनिकल प्रैक्टिस में न्यूरोरेडियोलॉजी इंटरवेंशन, मुंबई से डॉ. शिखा अग्रवाल पीडियाट्रिक रुमेटोलॉजी, नई दिल्ली से डॉ. विवेक मंगल कोलोरेक्टल कैंसर, लखनऊ के डॉ. चिरायता बसु ईएनटी में आपात स्थितियां व क्लिनिक में प्रबंधन, मुरादाबाद के डॉ.राजू रस्तोगी नेक्स्ट जेन रेडियोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका व नई दिल्ली के डॉ.मनीष श्रीवास्तव लिवर ट्रांसप्लांटेशन पर जानकारी देंगे। दूसरे दिन लखनऊ के डॉ.अभिषेक अरुण वर्तमान प्रैक्टिस में इंसुलिन का उपयोग, नई दिल्ली के डॉ. जेड. एस. मेहरवाल वाल्व डिजीज, प्रयागराज से डॉ.मनीष टंडन रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी और नई दिल्ली से डॉ.राहुल चंदोला व डॉ.विवेका कुमार डिस्चार्ज के बाद कार्डियक केयर व आधुनिक वाल्व थेरेपी पर व्याख्यान देंगे। तीसरे दिन भी कई सत्र किए जाएंगे।

### नैनो प्रौद्योगिकी एआई आधारित नवाचार पर जोर

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एडवांस्ड रिसर्च एंड एआई-एनेबल्ड इनोवेशन्स इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर प्रेज़ेंट चैलेंजेज एंड फ्यूचर अपॉर्च्युनिटीज पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। सम्मेलन के दूसरे दिन भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, कंप्यूटर अनुप्रयोग, पर्यावरण विज्ञान एवं अन्य संबंधित विषयों में विचार रखे गए। सम्मेलन में आईआईटी इंदौर, आईआईटी बांबे, अमेरिका, स्वीडन सहित अन्य संस्थानों के विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए।

विभिन्न संस्थानों के वक्ताओं ने नैनो प्रौद्योगिकी, एआई आधारित नवाचार, क्वांटम कंप्यूटिंग, सतत सामग्री, पर्यावरणीय स्थिरता एवं रिमेडिएशन तकनीकों जैसे अत्याधुनिक विषयों पर अपने विचार साझा किए। एआई-सक्षम नवाचारों पर विशेष बल दिया गया। इनमें उन्नत सामग्रियों में एआई आधारित नवाचार संभावनाएं, क्वांटम कंप्यूटिंग एवं साइबर-फिजिकल सिस्टम्स में एआई संचालित आर्किटेक्चर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में एआई के अंतर्विषयी अनुप्रयोग, तथा जल शुद्धिकरण हेतु नैनो-सामग्रियों की एआई व एमएल आधारित निगरानी जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे।



प्लेसमेंट ड्राइव में आए युवा। अमृत विचार

# सीएसए के 8 छात्रों को 5.50 लाख का पैकेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विश्वविद्यालय के छात्रों को मिला लंबे समय बाद अच्छा पैकेज

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में बुधवार को प्लेसमेंट ड्राइव में विवि के 8 छात्रों का चयन 5.50 लाख रुपये के पैकेज पर हुआ। एक साथ इतने छात्रों का चयन विशेष पैकेज पर होना विश्वविद्यालय में लंबे समय बाद हुआ है।

विश्वविद्यालय के सेवायोजन के निदेशक डा विजय कुमार यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय के छात्रों का कैम्पस प्लेसमेन्ट लेने के लिए मधुसूदन डेयरी प्राइवेट लि. के सचिन तोमर ने एमबीए एग्री बिजनेस के प्रतिभागित लगभग 40 छात्रों की ऑनलाइन लिखित परीक्षा ली। उसके बाद ग्रुप डिस्कशन करने के बाद कम्पनी के हेडक्वाटर में पर्सनल इन्टरव्यू लिया। साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी होने के बाद 8 छात्रों को चिहिन्त किया गया। इनमें आनन्द कुमार मौर्य, हेमंत तिवारी, गौरव सिह, पुष्करण चंदेल, अनुभव सिंह, वैभव शाक्य, अंकित चौधरी और अनिल कुमार यादव हैं। सभी चयनित अभ्यर्थियों को 5.50 लाख के पैकेज के साथ ही अन्य सुविधाएं प्रदान की जायेंगी।

# 102 दानवीरों और संस्थाओं को सम्मानित किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**50** वंचित बच्चों को फ्री शिक्षा-भोजन दे रहे

**अमृत विचार।** नवाबगंज स्थित उजियारी देवी मंदिर परिसर मैनावती मार्ग ख्योरा में शिक्षा से वंचित बच्चों की पाठशाला का प्रथम वार्षिकोत्सव और दानवीर कर्ण गौरव पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कल्याणपुर विधानसभा की विधायक नीलिमा कटियार, ब्रह्मावर्त सनातन धर्म महामंडल के मंत्री डॉ. कमल किशोर गुप्ता व एफसीए प्रदीप गोयनका ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह पाठशाला मेरा परिवार मेरा स्वाभिमान सेवा ट्रस्ट (रजि.) द्वारा संचालित है। पाठशाला प्रबंधक श्रीप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में यहां 50 वंचित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, संस्कार और भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों ने प्रार्थना, नृत्य, समूह गान और पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। ट्रस्ट की ओर से पाठशाला को सहयोग देने वाले 102 दानवीरों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। विधायक नीलिमा कटियार ने प्रमुख विभूतियों को दानवीर कर्ण गौरव पुरस्कार प्रदान किया, जबकि अन्य सहयोगियों को प्रमाणपत्र और पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पाठशाला की वार्षिक स्मारिका उजियारे की ओर का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया।


पुरस्कार वितरण समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

# महज 29 प्रतिशत लाभार्थी ही जुड़े

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले के सभी राशनकार्ड धारकों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाएगा। अब तक महज 29.37 फीसदी लाभार्थी ही समूह से अटैच हो पाए हैं। सभी लाभार्थियों को जोड़ने के लिए समूह की संख्या बढ़ानी पड़ेगी। जिले में अभी 8459 स्वयं सहायता समूह हैं। सभी लाभार्थियों को मर्ज करने के लिए मौजूदा समूह के टारगेट यानि कार्डधारियों का इजाफा करना होगा।

पात्र गृहस्थी के लाभार्थी परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने के लिए डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 3,36,615 राशन कार्ड धारकों में से अब तक केवल 98,854 को ही समूहों से जोड़ा जा सका है। जिला विकास अधिकारी रोजाना और मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जैन साप्ताहिक समीक्षा करेंगे। 10 दिन में कार्य संतोषजनक न मिलने पर कार्रवाई के लिए सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को तैयार रहने को भी बोला गया है।

# केडीएमए वर्ल्ड ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी


विजेता टीम को ट्राफी दी गई। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीआईएससीई नॉर्थ जोन की जोनल तैराकी प्रतियोगिता बुधवार को केडीएमए वर्ल्ड स्कूल में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन के विभिन्न विद्यालयों के बालक और बालिकाओं ने भाग लिया। केडीएमए वर्ल्ड स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैम्पियनशिप अपने नाम की, जबकि सीलिंग हाउस स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा। तीसरा स्थान सेंट मेरी कॉन्वेंट हाई स्कूल को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी अब प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता आठ अगस्त तक प्रयागराज में आयोजित की जाएगी। पदक तालिका में केडीएमए वर्ल्ड स्कूल ने सर्वाधिक 23 स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं सीलिंग हाउस स्कूल को 12 स्वर्ण पदक और सेंट मेरी स्कूल को 3 स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। विद्यालय प्रबंधन व प्रधानाचार्य ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### स्पोर्ट्स हब के खिलाड़ियों ने पदक जीते

- **कानपुर।** द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) के ईडब्ल्यूएस बैच के खिलाड़ियों ने 55वीं केवीएस रीजनल स्पोर्ट्स मीट में जूडो प्रतियोगिता के तहत पदक हासिल कर संस्थान और शहर का नाम रोशन किया। केवी नं. 1 चकेरी में आयोजित जूडो चैंपियनशिप में टीएसएच ईडब्ल्यूएस बैच की खिलाड़ी प्रत्यूषी सोनकर ने रजत पदक जीता। वहीं, शौर्य सोनकर ने कांस्य पदक अपने नाम किया। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क खेल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने वाली टीएसएच योजना सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए मंच प्रदान करती है। जिससे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका और माहौल मिल सके।


पदक विजेता बच्चे।

### फंदे से लटककर दी जान

**कल्याणपुर।** पुराना शिवली रोड निवासी महिला ने फंदे पर लटककर जान दे दी। मायके पक्ष के लोगों ने पति पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुराना शिवली रोड की काली मठिया के पास रहने वाले अंकित गुप्ता की शादी 25 वर्षीय हिमांशी उर्फ मोना से हुई थी। पति ने बताया कि बुधवार को मोना कमरे में पंखे के सहारे फंदे से झूलती दिखी। जिस पर वह फंदा काटकर उसे इलाज के लिए हैलट लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची मोना की मां रेखा गुप्ता ने पति और ससुरालियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विवाद में तीन युवकों को पीटा

**कानपुर।** कैंट के छबीलेपुरवा में मंगलवार देर रात पुराने विवाद में बाइक सवार तीन युवकों ने एक युवक को बेरहमी से पीटा। तीन राउंड हवाई फायरिंग कर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से ऑनलाइन शिकायत की है। पीड़ित के अनुसार मंगलवार रात वह एक पार्टी में गया था। लौटने के बाद वह खड़ा होकर कोल्डड्रिंक पी रहा था। इसी दौरान बाइक से छबीलेपुरवा तिराहे पर तीन युवक आकर गाली-गलौज करने लगे। उसे पीटा और एक युवक ने असलहे से तीन राउंड हवाई फायरिंग की।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत/यॉंत्रिक खण्ड, लो०नि०वि०, कानपुर

पत्रांक :- 500/4टी0 दिनाँक :- 17.04.2026

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निष्प्रयोज्य वाहनों/मशीनों की सार्वजनिक नीलामी इस कार्यालय में आगामी दिनॉक 20.05.2026 अपरान्ह 3.00 बजे बोलीदाताओं के समक्ष की जाएगी। समस्त बोलीदाता अधिशासी अभियन्ता, वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर के कार्यालय में अपरान्ह 3.00 बजे तक उपस्थित होगें। बोलीदाताओं को बोली लगाने से पूर्व अधोलिखित धरोहर धनराशि ड्राफ्ट के रूप में जो "अधिशासी अभियन्ता, विद्युत/यॉत्रिक खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर" के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | मशीन का नाम, मेक/माडल एवं नम्बर | मशीन की संख्या | मशीन का स्थान | न्यूनतम धरोहर (धनराशि रू0) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | JEEP UTZ-2924 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 11954.00 |
| 2 | TRUCK UHH-422 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 39968.00 |
| 3 | TRUCK UTE-3960 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 38234.00 |
| 4 | TIPPER UP78BG8031 | एक अदद | वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 57716.00 |
| 5 | ROAD ROLLER-6332 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 70536.00 |
| 6 | ROAD ROLLER-1931 | एक अदद | राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 65609.00 |
| 7 | ROAD ROLLER-23573 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 66430.00 |
| 8 | ROAD ROLLER-081 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 66795.00 |
| 9 | JEEP UMD-5780 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कन्नौज | 12647.00 |
| 10 | JEEP UPV-4777 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कन्नौज | 12647.00 |
| 11 | TRACTOR UPV-2288 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कन्नौज | 17246.00 |
| 12 | TIPPER UAV/9352 | एक अदद | वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 41035.00 |
| 13 | TIPPER UGI/9135 | एक अदद | वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर | 41063.00 |
| 14 | JEEP UP32-J-6477 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, फतेहगढ़ | 9476.00 |
| 15 | ROAD ROLLER-0442 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, फतेहगढ़ | 64970.00 |
| 16 | ROAD ROLLER-5579 | एक अदद | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, फतेहगढ़ | 67343.50 |

### नीलामी की शर्तें

1. नीलामी "जहॉं है व जिस स्थिति में है" के आधार पर की जायेगी। नीलामीदाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे नीलामी में बोली बोलने से पूर्व मशीनों को कार्यस्थल पर जाकर स्वयं देख-परख लें।
2. उपरोक्त कालम-5 में दर्शायी गयी धरोहर धनराशि ड्राफ्ट के रूप में जो "अधिशासी अभियन्ता, वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर" के नाम में बंधक हो ,नीलामी के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है। तभी वे नीलामी में भाग ले सकेगे।
3. प्रत्येक मशीन की नीलामी अलग-अलग होगी तथा धरोहर धनराशि भी प्रत्येक नीलामी के लिए अलग-अलग जमा की जायेगी।
4. उच्चतम बोलीदाता की उपरोक्त धरोहर धनराशि रोककर शेष बोलीदाताओं की धरोहर धनराशि उसी समय वापस कर दी जायेगी।
5. उच्चतम बोलीदाता को नीलामी की समाप्ति पर अधिकतम बोली की 25 प्रतिशत धनराशि तत्काल जमा करनी होगी। ऐसा न करने पर धरोहर धनराशि के रूप में जमा की गई धनराशि शासन के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।
6. नीलामी की स्वीकृति व अस्वीकृति का अधिकार विभाग के सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।
7. स्वीकृत नीलामी की उच्चतम बोली पर समस्त कर नियमानुसार अतिरिक्त देय होगा।
8. नीलामी स्वीकृत होने पर अवशेष धनराशि का ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अन्दर जमा करना होगा तथा उसके उपरांत एक सप्ताह के अन्दर मशीन उठाना भी अनिवार्य होगा, अन्यथा धरोहर धनराशि शासनहित में जब्त कर ली जायेगी।
9. नीलामी के निस्तारण न होने तक नीलामी बोली की 25 प्रतिशत जमा धनराशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
10. नीलामी की अन्य शर्ते नीलामी के समय सूचित की जायेगी।

UP-250604 दिनांक 28.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता,
वि0/यॉं0 खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर


## हेल्थ जोन


नारायना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय शोर जागरूकता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

# शोर-शराबा से मानसिक तनाव, बीपी और दिल के रोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नारायना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बुधवार को कान, नाक व गला विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय शोर जागरूकता दिवस पर एक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य लोगों में ध्वनि प्रदूषण के खतरों और उसके स्वास्थ्य पर प्रभाव के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। ध्वनि प्रदूषण से शरीर को होने वाले नुकसान की जानकारी दी और बचाव के गुर सिखाएं गए।

डॉ.राजकुमार व डॉ.अर्जुन ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय शोर जागरूकता दिवस हर वर्ष अप्रैल महीने के अंतिम बुधवार को मनाया जाता है और इसका उद्देश्य लोगों को ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है। शोर किसी भी अवांछित या कर्कश ध्वनि को कहा जाता है, जो केवल सुनने की क्षमता को नुकसान ही नहीं पहुंचाती, बल्कि मानसिक तनाव, उच्च रक्तचाप, थकान, अनिद्रा और हृदय संबंधी बीमारियों जैसी कई समस्याओं का कारण भी बनती है। 85 डेसिबल से अधिक की ध्वनि मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानी जाती है। प्रमुख शोर स्रोत में औद्योगिक गतिविधियां, निर्माण कार्य, लाउडस्पीकर, यातायात, पटाखे और हवाई जहाज शामिल हैं। उन्होंने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण की भी जानकारी दी। बताया कि शहरों की उचित योजना बनाकर औद्योगिक और यातायात क्षेत्रों को आवासीय क्षेत्रों से अलग किया जाए। अस्पताल, स्कूल जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में साइलेंस जोन लागू किए जाएं। मशीनों और जनरेटर में कम शोर वाली तकनीक का उपयोग किया जाए।


जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टर्स और मेडिकल छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### लोकार्पण कार्यक्रम विज्ञापन में नाम न होने से शिक्षकों में रोष

**उन्नाव, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरिहर प्रसाद दीक्षित ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 29 अप्रैल को गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरदोई के मल्लावां में होने का विज्ञापन सभी प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ। इसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों, 2 कैबिनेट मंत्री, 6 राज्यमंत्री, सांसद, अध्यक्ष जिला पंचायत, महापौर, कई विधायक व एमएलसी के नाम प्रकाशित किये गए। लेकिन, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के अनवरत छठी बार निर्वाचित सदस्य व राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त सदन में सबसे वरिष्ठ सदस्य राज बहादुर सिंह चंदेल का नाम न होने पर शिक्षक समुदाय खुद को अपमानित मान रहा है।

### बाइकों की टक्कर में पूर्व प्रधान व बहन घायल

**सफीपुर, उन्नाव।** माखी थानाक्षेत्र के गांव रगघाखेड़ा निवासी संदीप (30) पुत्र चंद्रपाल अपनी पत्नी सुगम भारती व 7 वर्षीय बेटे रुद्र के साथ बाइक से अपने ननिहाल मऊ मंसूरपुर गांव में तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में नया खेड़ा गांव के पास उनकी बाइक आगे चल रही बाइक से पीछे से टकरा गई। इसमें दूसरी बाइक सवार गांव मवई लाल निवासी पूर्व ग्राम प्रधान भगवानदीन (62) पुत्र गजराज व उनकी पारिवारिक बहन मुन्नी (50) पुत्री स्व. मुंशीलाल गंभीर घायल हो गए। घटना के बाद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे में संदीप की पत्नी सुगम व बेटा रुद्र बाल-बाल बच गए।

# 'धड़ाम' की एक आवाज और चीख में बदल गए 'मधुर गीत'

## बक्सर-सुमेरपुर मार्ग पर आगे जाने की जल्दी तथा रफ्तार ने छीन लीं छह जिंदगियां, मातम में बदलीं मुंडन की खुशियां, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बक्सर-सुमेरपुर मार्ग पर रफ्तार व जल्दबाजी ने एक परिवार की चार महिलाओं सहित 6 जिंदगियां छीन लीं। हादसे के बाद परिजन बदहवास हो गए। वहीं काल कलवित हुए परिवार का मुखिया फूट-फूटकर उस मनहूस घड़ी को कोसता रहा जब उसने पौत्र का मुंडन कराने के लिए सभी को भेजा था।

मौरावां के पठई गांव निवासी नरेंद्र सिंह ने अपने पौत्र शुभ पुत्र सूरज का मुंडन धूमधाम से करने के लिए रिश्तेदारों व परिचितों को बुधवार शाम दावत पर आमंत्रित किया था। इससे पहले बेटा सूरज, बहु भारती, पत्नी गीता (60), भाभी, बिटान (60), बेटी सुनीता (35) पत्नी दुर्गेश निवासी सिरस, थाना निगोहा लखनऊ ज्योति (30) पत्नी राम प्रताप निवासी मलौना, बिहार गांव के रामधनी (50) पुत्र स्व. राम खेलावन की बोलेरो से बक्सर स्थित चंडिका देवी धाम मंदिर में मुंडन के लिए भेजा था। साथ में पड़ोसी अर्चना (50) पत्नी रजनीश बाजपेई व ज्योति का बेटा आनंद व सुनीता की बेटी गौरी भी थी। तभी अचानक काल के क्रूर हाथों ने हादसे में 6 लोगों को मौत की नींद सुला दिया। गीता के 4 बच्चों में 2 बेटे व 2 बेटियां थीं। इसमें एक अपनी मां के साथ हमेशा के लिए चली गई। सुनीता की मौत व उसकी बेटी गौरी के घायल होने से पति दुर्गेश बेहाल रहा। उसके 2 बेटियों में वैशाली व गौरी हैं। इसमें नरेंद्र की भाभी बिटान व उनकी बेटी ज्योति भी शामिल हैं। दोनों की मौत की सूचना पर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे बिहार थाना क्षेत्र के मलौना गांव निवासी ज्योति का पति रामप्रताप शवों को देख बेहाल हो उठा। रामप्रताप के मुताबिक उसके 3 बच्चों में 2 बेटियां व 1 बेटा है। उसमें बेटा आनंद भी घायल है। बिना मां के बच्चों की परवरिश कैसे होगी अब यह सवाल खड़ा हो गया है। दूसरे नंबर की बेटी अंतिका का 20 अप्रैल को ही विवाह तंगापुर में किया था। अभी एक बेटी का विवाह करना है। हादसे में नरेंद्र की पड़ोसी अर्चना बाजपेई की भी मौत हुई है। पत्नी की मौत से पति के साथ बच्चों में बेटी वैशाली, शिवानी व बेटा प्रशांत बेहाल हैं। मां के घर आने का इंतजार कर रहे बच्चों को क्या पता था कि अब मां कभी वापस नहीं आएगी। वहीं बोलेरो चालक रामधनी के परिवार में भी कोहराम मचा है। पति की मौत से पत्नी सुसीता के साथ 3 बेटियां व 1 बेटा बेहाल हैं। रामधनी अपने चाचा रामसजीवन की गाड़ी चलाता था।

**बिन मां कैसे होगी बच्चों की परवरिश बोलेरो चालक का परिवार भी बिखरा**


रामधनी फाइल फोटो


ज्योति फाइल फोटो


सुनीता फाइल फोटो


अर्चना फाइल फोटो


बिटान फाइल फोटो


पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों को ढांढस बंधाते विधायक अनिल सिंह। अमृत विचार

### विधायक अनिल सिंह ने बंधाया ढांढ़स

**उन्नाव, अमृत विचार।** पुरवा विधानसभा क्षेत्र के एक गांव के 6 लोगों की मौत की सूचना लोगों ने क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह को दी। इस पर प्रधानमंत्री मोदी की रैली में शामिल होने गए अनिल सिंह कार्यक्रम छोड़ मोर्चरी पहुंचे। परिजनों को सांत्वना देने के साथ ही उन्होंने मौजूद उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव से सभी को आर्थिक सहायता के लिए तुरंत कार्रवाई शुरू करने को कहा। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह परिजनों के साथ खड़े हैं।

### पीएम के बाद परिजनों को सौंपे गए शव

**उन्नाव, अमृत विचार।** डीएम घनश्याम मीना व एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और स्वास्थ्य अफसरों को शीघ्र पोस्टमार्टम कराने के आदेश दिए। इसके बाद एक-एक कर शवों के पोस्टमार्टम हुए। सुनीता व ज्योति के शव उनके पति को सौंपे गए। वहीं रामधनी का शव उसके भाई महादेव के सुपुर्द किया गया।


जिला अस्पताल में डॉक्टरों को निर्देश देते जिलाधिकारी घनश्याम मीना। अमृत विचार


शहर के मुख्य मार्ग पर धू-धूकर जलती कार। अमृत विचार

### खड़ी कार में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** शहर के मुख्य मार्ग पर बुधवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अताउल्ला नाले के पास एक चलती कार अचानक आग का गोला बन गई। देखते ही देखते लपटों ने कार को चपेट में ले लिया। इससे मार्ग पर हड़कंप मच गया। कार मुख्य मार्ग से गुजर रही थी कि तभी बोनट से अचानक धुआं उठने लगा। चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत कार रोकी और आग विकराल होने से पहले ही कूद गया। इससे उसकी जान बच गई। इस मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात बाधित हो गया। सूचना पर पुलिस व दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक कार पूरी तरह जलकर मलबे में तब्दील हो चुकी थी। पुलिस ने भीड़ को हटाकर यातायात सुचारु कराया। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण इंजन में शॉर्टसर्किट माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार कार मालिक बनवारी लाल बाजार आए थे।

# चलती बस बनी आग का गोला, बाल-बाल बचे लोग

टला हादसा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** एक चर्म इकाई में कार्यरत आधा सैकड़ा से अधिक श्रमिक व कर्मियों को ले जा रही निजी बस में उन्नाव-लालगंज हाईवे पर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। चालक ने सूझबूझ से काम लेते हुए बस सड़क किनारे रोक दी। जिससे इसमें बैठे लोगों ने खिड़की व दरवाजे से कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ देर में बस जलकर खाक हो गई। इस दौरान हाईवे पर जाम लग गया। पीएम की रैली में जा रही बसों को डायवर्ट कर निकाला गया। बारासगवर थानाक्षेत्र के कई गावों के महिला-पुरुष दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित सुपर हाउस कंपनी में श्रमिक व सुपरवाइजर पद पर कार्यरत हैं। कंपनी की ओर से इनके ड्यूटी पर आने -जाने के लिए निजी बस लगी है।

चालक लक्ष्मी शंकर के अनुसार वह बुधवार सुबह 60 कर्मियों को धानी खेड़ा से बस में बैठाकर कंपनी के लिए निकला था। इसमें पुरुषों के साथ महिलाएं भी सवार थीं। तभी अचलगंज थानाक्षेत्र के उन्नाव-लालगंज हाईवे स्थित पचोड्डा गांव के पास अचानक बस के इंजन से दुर्गंध के साथ धुआं उठते देख उसने बस सड़क किनारे रोक दी। धुआं उठता देख सवारियों में हड़कंप मच गया। सभी बस के दरवाजे व खिड़की से कूदकर बाहर निकले। इस दौरान आग और विकराल हो गई और पूरी बस धू-धूकर जलने लगी। सूचना के 1 घंटे बाद दमकल पहुंचने तक बस आग का गोला बन गई। दोनों ओर का ट्रैफिक रुक गया। बस के टायर जलते ही उसके फटने की आवाजें दूर-दूर तक जाने से किसी की पास आने की हिम्मत नहीं पड़ी। इस दौरान पीएम मोदी की रैली में जा रही बसों का काफिला रुकने से अफरा तफरी मच गई।

क्षेत्राधिकारी मधुप नाथ मिश्र, इंस्पेक्टर बृजेश शुक्ल ने मौके पर पहुंच रैली को बसों को दूसरी ओर से पार कराया। इस दौरान दो घंटे आवागमन रुक-रुककर चलता रहा। एसओ ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि बस में आग लगी थी। जिस पर काबू पा लिया गया है। कोई हताहत नहीं है।


हाईवे पर धू-धूकर जलती बस।

# दो सिपाहियों पर मारपीट का आरोप एसएसपी से की गई शिकायत

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट क्षेत्र में एक महिला ने दो पुलिस कर्मियों पर मारपीट, गाली-गलौज व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगा एसएसपी से शिकायत की है। वहीं मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वॉयरल हुआ है। त्रिभुवन खेड़ा निवासी विमला पत्नी स्व. प्रेमशंकर ने बताया 29 अप्रैल को वह अपने पुत्र शिवा के साथ गैस सिलेंडर लेकर हड़हा एजेंसी जाने की तैयारी कर रही थी। तभी जाजमऊ चौकी के 2 सिपाही नशे में पहुंचे और चोरी का आरोप लगा गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने बेटे से मारपीट की और मोबाइल तोड़ दिया। बीच-बचाव करने पर उसे भी धमकाया। आरोप है कि सिपाहियों ने झूठे मुकदमे में फंसाने व वाहन जब्त करने की धमकी दी। बाद में घर पहुंचकर भी शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। पीड़िता ने घटना की सीसीटीवी फुटेज होने का दावा किया है और संबंधित पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। वहीं मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वॉयरल हुआ। हालांकि, ऐसे किसी भी वॉयरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। वहीं, दूसरी ओर देरशाम सोशल मीडिया में महिला द्वारा लगाए गए आरोपों को उसके द्वारा खुद ही सिरे से नकारे जाने की खबर वायरल होती रही। हालांकि, इसकी किसी ने पुष्टि नहीं की।

### विधायक के नेतृत्व में बसों का काफिला रवाना


कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे लोगों की बस को रवाना करते विधायक व अन्य।

**उन्नाव, अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण को लेकर बुधवार सुबह सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कार्यकर्ताओं व आमजन के साथ कार्यक्रम स्थल को प्रस्थान किया। उन्होंने इस परियोजना को प्रदेश के सुनहरे भविष्य के लिए मील का पत्थर बताया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस महा-परियोजना का लोकार्पण किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने जिले से भारी संख्या में लोग रवाना हो रहे हैं। पूरे जिले से करीब 500 बसों के काफिले का लक्ष्य है। सदर विधानसभा क्षेत्र से 100 बसें कार्यकर्ताओं व जनता को लेकर मल्लावां रवाना हुई हैं। विधायक ने कहा अब तक उन्नाव को लखनऊ और कानपुर के बीच महज एक सैंडविच की तरह देखा जाता था, लेकिन गंगा एक्सप्रेसवे इस धारणा को बदल देगा।

### जूनियर शिक्षक संघ की बैठक आज

**उन्नाव, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की बैठक गुरुवार 30 अप्रैल को दोपहर 1 बजे से जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र की अध्यक्षता में प्रकाश गेस्ट हाउस में आहूत की गई है। यह जानकारी देते हुए महामंत्री रामजन्म सिंह ने कहा कि बैठक में जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक अध्यक्ष, महामंत्री व मंडल के जनपदीय पदाधिकारी अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें।


सभासद का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

# नपा गंगा घाट के मनोनीत सभासद का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**शुक्लागंज, उन्नाव।** नगर पालिका गंगाघाट के मनोनीत सभासद सुंदरलाल तिवारी का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। राजमार्ग स्थित सब्जी मंडी के पास पूर्व सांसद के आवास के पास हुए कार्यक्रम में उन्हें फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह रहा। इसमें शरद शुक्ला, मनोज सिंह, गोपी यादव, सुरेश दीक्षित, राजीव पंडित, जितेंद्र शर्मा, अनुज शुक्ला, दीपू शुक्ला व दक्ष शुक्ला आदि रहे।

# हजारों कार्यकर्ता बसों से मल्लावां रवाना

दिखा उत्साह

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट से बुधवार को बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आमजन मल्लावां में आयोजित गंगा एक्सप्रेस-वे उद्घाटन में शामिल होने को रवाना हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखा।

कई बसों के साथ एक दर्जन चौपहिया वाहनों से भी लोग रैली स्थल के लिए निकले। सुबह छह बजे से राजमार्ग पर कार्यकर्ता बसों में सवार होने लगे। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी व सदर विधायक पंकज गुप्ता ने बसों को हरी झंडी दिखाकर मल्लावां रवाना किया। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम व जय श्रीराम के नारों से क्षेत्र गूंज उठा। गंगाघाट भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला के नेतृत्व में कमेटी ने व्यवस्थाएं संभालीं। कार्यक्रम सफल बनाने में दीपू शुक्ला, जितेंद्र सिसोदिया, सतीश शुक्ला, धीरज सिंह, प्रत्यय गुप्ता, अमरेंद्र गुप्ता, दुर्गा तिवारी, योगेश, संदीप मिश्रा, प्रदीप योगी, रुद्राक्ष मिश्रा, हर्ष मिश्रा, प्रदीप राजपूत, धर्मेंद्र सोनकर व रेनू सोनकर आदि सक्रिय रहे। बसों में खाने-पीने व पानी की समुचित व्यवस्था थी। बता दें कि नगर पालिका के सामने से 12 बसें, जाजमऊ से 4, सहजनी व देवारा से 4 तथा हाजीपुर क्षेत्र से 5 बसें रवाना हुईं।

**भीड़ बढ़ाने को नगर पालिका के 400 कर्मचारी भी गए: शुक्लागंज:** उद्घाटन में शामिल होने नगर पालिका गंगाघाट के 400 से अधिक कर्मी भी बसों से रवाना हो गए। इसके चलते शहर में सफाई व्यवस्था प्रभावित रही और पालिका कार्यालय पहुंचे लोगों को कामकाज के लिए भटकना पड़ा। वहीं कर्मचारियों के न होने से नगर में जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा रहा। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।


प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर रवाना होते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### गंगाघाट रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से परेशानी


गंगाघाट रेलवे क्रॉसिंग पर हुई खोदाई, बंद पड़ी क्रॉसिंग। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट रेलवे क्रॉसिंग के पास बीते 5 दिनों से चल रहे कार्य के चलते आमजन को परेशानी हो रही है। रेलवे द्वारा बीसीएन मशीन से गिट्टी छनाई के बाद जेसीबी से क्रॉसिंग के पास खोदाई कराई गई है। साथ ही यहां चकरेल का कार्य भी प्रस्तावित है। इसके चलते क्रॉसिंग को बंद किया गया है। क्रॉसिंग बंद होने से पश्चिमी क्षेत्र जाने वालों का आवागमन प्रभावित है। सबसे अधिक दिक्कत मिश्रा कॉलोनी स्थित श्मशान घाट जाने वालों को हो रही है। लखनऊ, उन्नाव, सोहरामऊ, अजगैन सहित आसपास के क्षेत्रों से लोग अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर यहां आते हैं, लेकिन रास्ता बंद होने से उन्हें क्रॉसिंग के पास शव उतारकर कंधों पर घाट तक ले जाना पड़ रहा है। लोगों ने रेलवे प्रशासन से जल्द कार्य पूरा कर क्रॉसिंग चालू कराने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# बिजली घरों की क्षमता बेकार: अजय

ट्रांस गंगा सिटी

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बिजली संकट गहराने से लोगों में त्राहि-त्राहि मची है। इसी क्रम में किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल ने ट्रांस गंगा सिटी का पदाधिकारियों के साथ दौरा कर वहां स्थापित सब स्टेशनों की स्थिति देखी। उन्होंने करीब 100 करोड़ से अधिक लागत से बने 220 केवी बिजली घर व 33 केवी के 12 अन्य उपकेंद्रों की विद्युत आपूर्ति क्षमता की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि मौके पर मिली जानकारी चौंकाने वाली है। 220 केवी का सब स्टेशन चालू है इसकी वर्तमान आपूर्ति क्षमता 120 एमवीए है, लेकिन ट्रांस गंगा सिटी में इसकी खपत 5 एमवीए से भी कम है। शेष बिजली बिठूर, लखनऊ व चकलवंशी भेजी जा रही है। वहीं 33 केवी के 12 उपकेंद्रों में सिर्फ एक संचालित है 11 बंद पड़े हैं। आरोप लगाया कि विभाग की उदासीनता व गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण ट्रांस गंगा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट बना हुआ है। उन्होंने बताया कि वह इस मुद्दे को लेकर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री व मुख्यमंत्री से भी मिलेंगे। ताकि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके। इस बाबत अधीक्षण अभियंता ए के सिंह ने बताया कि आज ट्रांस गंगा सिटी जाकर मौके पर निरीक्षण करेंगे, इसके बाद गांवों को जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।


ट्रांस गंगा सिटी स्थित सब स्टेशन में मौजूद प्रदेश संयोजक। अमृत विचार

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू

**उन्नाव, अमृत विचार।** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जिले के पारंपरिक कारीगर जैसे बढ़ई, दर्जी, नाई, लोहार, हलवाई आदि के आजीविका के साधनों का सुदृढीकरण कर उनके जीवन स्तर को उन्नत किये जाने के लिए है। कौशल वृद्धि प्रशिक्षण इसके अंतर्गत पारंपरिक कारीगरों को उद्यम के आधार पर कौशल वृद्धि हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण पूरा होने पर लाभार्थियों का एसेसमेंट कराकर आरपीएल सर्टिफिकेट भी दिया जाता है। जिला उद्योग प्रोत्साहन व उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त मो. सजद ने बताया कि परंपरागत कारीगरों द्वारा प्रयोग किये जा रहे औजार पुरानी तकनीक पर आधारित हैं। आधुनिकता पर आधारित उन्नत किस्म के टूलकिट का विरतण कौशल वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद सभी सफल प्रशिक्षार्थियो को दिये जाएंगे।


प्रतियोगिता में बैडमिंटन खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

### बैडमिंटन में आदित्य व चंद्रवीर का दबदबा

**उन्नाव, अमृत विचार।** बाईपास स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित 7वीं डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल व कई वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले। इसमें खिलाड़ियों के सटीक स्मैश व बेहतरीन कोर्ट कवरेज ने दर्शकों का दिल जीत लिया। मुख्य अतिथि प्रभारी जिला कल्याण अधिकारी अरुदनेश व विशिष्ट अतिथि सुमन राय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला क्रीड़ाधिकारी व कोषाध्यक्ष मयंक कुमार ने अतिथियों का स्वागत बुके व स्मृतिचिन्ह देकर किया। प्रतियोगिता में आदित्य प्रजापति ने शानदार खेल दिखाते हुए अंडर-13 व अंडर-15 दोनों वर्गों के खिताब अपने नाम किए। वहीं, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के प्रवीण सिंह के खेल ने वरिष्ठ वर्ग में सबका ध्यान खींचा। बालक वर्ग अंडर-17 में चंद्रवीर सिंह ने अपूर्व वर्धन को हराकर ट्रॉफी जीती। अंडर-19 में प्रख्यात सिन्हा विजेता रहे। बालिका वर्ग अंडर-11 का मुकाबला त्रिप्ती शुक्ला ने जीता। आस्था, प्राची यादव, दिविजा वर्मा ने अपने-अपने वर्गों में जीत दर्ज की।

### आइस चैंबर वाले कूलर कर रहे कूल-कूल


बाजार में सजे फाइबर बाडी वाले कूलर। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिले में सूर्य की तपिश अब शरीर झुलसाने लगी है। बीते एक सप्ताह से पारा लगातार 42 से 43 के पार बना हुआ है। जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है। झुलसा देने वाली लू व बढ़ती उमस के बीच अब मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए 'कूलर' ही सबसे बड़ा सहारा साबित हो रहा है। बता दें कि इन दिनों गर्मी की 'चोट' ने स्थानीय बाजार में कूलर व्यापार को नई ऊंचाई दे दी है। बाजार के मौजूदा रुझानों को देखें तो इस बार ग्राहकों में लोहे के पारंपरिक कूलरों की तुलना में फाइबर बॉडी वाले कूलरों की मांग अधिक है। दुकानदारों कहते हैं कि फाइबर कूलर न केवल दिखने में आधुनिक व आकर्षक हैं बल्कि इनमें करंट उतरने का डर भी नहीं रहता है। ग्रह वजन में भी हल्के होते हैं। इस बार ऐसे कूलर बाजार में उपलब्ध हैं जिनमें अलग से बर्फ डालने की विशेष व्यवस्था दी गई है। यह तकनीक कूलिंग को कई गुना बढ़ा देती है।

